


# ट्रेनों में उमड़ी भीड़, स्लीपर से एसी कोच तक नो-रूम की स्थिति

**रायपुर।** होली त्योहार पर अपने घर जाने वाले यात्रियों की वजह से मंगलवार को रायपुर रेलवे स्टेशन पर भारी गहमागहमी रही। लंबी दूरी की ट्रेनों से लेकर लोकल ट्रेनों तक, हर जगह पैर रखने तक की जगह मिलना मुश्किल था। रायपुर से महानगरों की ओर जाने वाली ट्रेनों के स्लीपर और जनरल कोच में यात्रियों की संख्या क्षमता से कहीं अधिक दर्ज की गई। रायपुर रेलमंडल और जोन के अंतर्गत चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों का सबसे ज्यादा दबाव रहा। विशेषकर सारनाथ, छत्तीसगढ़, समता, अमरकंटक और गोंडवाना एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में भारी वेटिंग के चलते एक दिन पहले ही स्लीपर कोच की बुकिंग बंद कर दी गई। रिजर्वेशन काउंटर से मायूस होकर जब यात्रियों ने जनरल कोच का रुख किया तो वहां का मंजर और भी हैरान करने वाला था।

## खबर संक्षेप

### कार से गुब्बारे फेंके चालक पर केस दर्ज

**रायपुर।** वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर गुढ़ियारी पुलिस ने एक कार चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। इस वीडियो में एक कार चालक वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए पानी के गुब्बारे फेंक रहा है, जिससे दुर्घटना या हादसे में लोगों की जान भी जा सकती थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कार चालक के विरुद्ध बीएनएस धारा 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मायके से घर नहीं जाने पर पत्नी को पीटा

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने महिला से मारपीट करने के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना कचना क्षेत्र के रावण तालाब के पास 1 मार्च को शाम 4 बजे की है।



प्रार्थिया सुषमा ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामचरण ध्रुव उसका पति है। वह किसी बात पर पति से नाराज होकर मायके आ गई थी। घटना के समय रामचरण उसे जबरदस्ती घर ले जाना चाहता था, जिससे मना करने पर उसने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में पति के विरुद्ध बीएनएसः 296, 115-2, 351-3 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ईंट मारकर किया घायल 4 के विरुद्ध केस दर्ज

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने एक मामले में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। महावीर नगर कुकरेजा फार्म हाउस के पास 2 मार्च की रात 11.15 बजे आरोपी शिवांश दास, आकाश पटेल, हर्ष एवं अन्य ने किसी बात पर विवाद करते हुए 17 वर्षीय नाबालिग लड़के को जान से मारने की धमकी देकर उस पर ईंट से हमला कर दिया। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब की अवैध बिक्री धरा गया कोचिया

**रायपुर।** उरला पुलिस ने एक युवक को शराब की अवैध बिक्री करते गिरफ्तार किया है।



आरोपी बलराम जांगड़े को संगीता पेट्रोल पंप के पास उरला से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 20 पाव देशी शराब और शराब बिक्री के 260 रुपए जब्त किए गए।

### जमीन विवाद पर दी धमकी दंपति से की मारपीट

**रायपुर।** जमीन विवाद पर दंपति से मारपीट के मामले में टिकरापारा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया सुलेखा खातून ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी खुर्शीद रजा एवं अन्य ने जमीन को लेकर उसके पति और उसके साथ विवाद किया। इस दौरान गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर उसने दोनों के साथ मारपीट भी की, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## संविदा से कम वेतन पर फैल रहा असंतोष, पृथक कैडर पर नहीं बन रही बात

# सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सिर्फ10 नियमित सुपर स्पेशलिटी डॉक्टर... वे भी संभल नहीं रहे

राज्य के शासकीय मेडिकल कालेजों में नियमित रूप में सिर्फ 10 सुपर स्पेशलिटी डाक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संविदा से कम वेतन के कारण उनमें भी शासकीय सेवा के प्रति असंतोष फैला हुआ है। निजी अस्पतालों की तुलना में आधा वेतन पाने वाले ये डाक्टर सम्मानजनक तनख्वाह के लिए बरसों से पृथक कैडर की मांग कर रहे हैं, जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

शासकीय मेडिकल कालेजों में काम करने वाले डाक्टरों द्वारा नौकरी छोड़कर प्रायवेट अस्पताल की ओर जाना आम बात हो चुकी है। गंभीर बात यह है कि उन्हें रोकने में चिकित्सा शिक्षा विभाग भी गंभीरता नहीं दिखा रहा है। सुपर स्पेशलिटी सेवा देने वालों की बड़ी समस्या वेतन विसंगति की है। नियमित रूप में सेवा देने वाले राज्य में केवल दस सुपर स्पेशलिटी डाक्टर हैं, जिन्हें संविदा में सेवा देने वाले चिकित्सकों से भी कम वेतन मिलता है। मसलन संविदा आधार पर सेवा देने वाले सुपर स्पेशलिटी डाक्टर (प्राध्यापक) को तीन लाख रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाता है वहीं ड्यूटी करने वाले नियमित डाक्टरों को 2 लाख 72 हजार 33 रुपए वेतन प्राप्त होता है। डाक्टरों का कहना है कि पीएससी के माध्यम से सेवा में आने वाले इन डाक्टरों को पीजी की पढ़ाई के बाद डीएम अथवा एमसीएच का कोर्स पूरा करने के लिए नीट की प्रवेश परीक्षा के बाद तीन साल की कठिन पढ़ाई और 2 साल की अनिवार्य सेवा करनी पड़ती है। विभिन्न गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए निपुण माने जाने वाले इन डाक्टरों का कहना है कि सीमित संख्या होने के बाद भी बेहतर सेवा के बदले उन्हें उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है।

### प्रायवेट अस्पतालों को तुलना में आधा वेतन, शासन पर उपेक्षा का आरोप

#### डाक्टर कम, इसलिए आउटसोर्सिंग

*प्रदेश में डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के अलावा बिलासपुर तथा जगदलपुर में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल प्रारंभ किया गया है। सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों की कमी के कारण जगदलपुर में एक निजी हेल्थ एजेंसी को अस्पताल संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं बिलासपुर के हास्पिटल को चलाने के लिए भी आउटसोर्सिंग सेवाओं की तरफ विचार किया जा रहा है। डीकेएस और बिलासपुर के सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में अभी केवल तीन सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर काम कर रहे हैं।*



| पद | नियमित | संविदा सुपर स्पेशलिस्ट |
|---|---|---|
| प्राध्यापक | 2,72,033 | 300000 |
| सह प्राध्यापक | 2,33,548 | 2,50000 |
| सहायक प्राध्यापक | 1,31,318 | 1,50000 |

#### दूसरे राज्य में भी भारी तवज्जो

*पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों की भारी डिमांड है। सूत्रों के मुताबिक, उनके कार्यों के मद्देनजर उन्हें 8 से 12 लाख रुपए तक वेतन प्रदान किया जाता है। वहां मेडिकल कालेज अथवा चिकित्सा शिक्षा विभाग स्तर पर आवश्यकता के हिसाब से सीधी भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है। जबकि छत्तीसगढ़ में सीधी भर्ती हो नहीं रही है और पुराने चिकित्सकों को कई सालों से पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है। सुपर स्पेशलिटी के पृथक कैडर और समयमान वेतनवृद्धि की मांग की फाइल पेंडिंग पड़ी है।*

## भारत पर असर नहीं

# पश्चिम एशियाई 7 देशों की सीबीएसई परीक्षाएं फिर स्थगित, यहां यथावत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ईरान-इजरायल के बीच जारी तनाव को देखते हुए पश्चिम एशिया के 7 देशों में होने वाली बोर्ड परीक्षाएं एक बार फिर स्थगित कर दी हैं। संयुक्त अरब अमीरात समेत अन्य प्रभावित देशों में 5 और 6 मार्च को आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं अब टाल दी गई हैं। इससे पहले 3 मार्च की परीक्षा भी सुरक्षा कारणों से स्थगित की जा चुकी थी। बोर्ड ने अपने आधिकारिक सर्कुलर में कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच मौजूदा हालात को देखते हुए छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा आयोजित करना उचित नहीं है। नई परीक्षा तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। हालांकि इसका असर भारत पर नहीं पड़ेगा। यहां परीक्षाएं पूर्ववत ही जारी रहेंगी।

- केवल पश्चिम एशिया के देश होंगे प्रभावित

#### यह है नोटिस में

आधिकारिक नोटिस में लिखा है, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अधिसूचना जारी कर मध्य पूर्व के कुछ देशों- बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में मौजूदा स्थिति की समीक्षा के बाद कक्षा 10वीं और 12वीं की 5 और 6 मार्च को निर्धारित परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया है। नई परीक्षा तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। बोर्ड 5 मार्च को फिर से हालात की समीक्षा करेगा और 7 मार्च से आगे निर्धारित परीक्षाओं को लेकर उचित निर्णय लेगा। सभी छात्रों को सलाह दी गई है कि वे नियमित रूप से अपने विद्यालयों के संपर्क में रहें और आधिकारिक घोषणाओं पर नजर बनाए रखें।

# होली के दो दिन पूर्व शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस की सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

होली में शांति व्यवस्था बनाए रखने अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष पुलिस ने ज्यादा सख्ती बरतते हुए नशेड़ी वाहन चालकों के साथ आसामाजिक तत्वों के खिलाफ ज्यादा कार्रवाई की है। पुलिस की सख्ती का कारण शहरी तथा ग्रामीण थाना क्षेत्र को अलग कर व्यवस्था बनाना बताया जा रहा है। होली के पांच दिन पूर्व पुलिस कमिश्नरेट शहरी क्षेत्र में तीन सौ के करीब नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ग्रामीण थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक दिन की कार्रवाई में छह सौ से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है।

- शहरी थाना क्षेत्र में 130 नशेड़ी वाहन चालकों की गाड़ी जब्त
- ग्रामीण क्षेत्र में छह सौ से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

सोमवार को रायपुर पुलिस ने नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 130 लोगों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत वाहन जब्ती की कार्रवाई की है। ट्रैफिक तथा पुलिस ने जो कार्रवाई की है, ▶▶ शेष पेज 14 पर

#### ग्रामीण पुलिस ने की 613 के खिलाफ कार्रवाई

*ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा के निर्देश पर ग्रामीण थाना क्षेत्र में पुलिस ने 613 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें 67 गुंडे, निगरानी बदमाश एवं चाकूबाजो की जांच कर समझाइश दी गई है। इस दौरान पुलिस ने 223 वारंट की तामिली की। इसके अतिरिक्त 119 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए संभावित शांति भंग की स्थिति को नियंत्रित किया।*

#### बार से बाहर निकलते ही दबोचे गए पियक्कड़

नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने इस बार महानगरों की तर्ज पर बार के आसपास पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मी बार में शराब पीने जाने वालों पर नजर रख रही थी। बार से जैसे ही कोई शराब पीकर गाड़ी चलाते जाते दिखता, पुलिसकर्मी ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर मौके पर ही गाड़ी जब्ती करने की कार्रवाई करते दिखे।

## निगम आयुक्त विश्वदीप ने जारी किए आदेश

# नगर निगम के 6 जोन कमिश्नर बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




नगर निगम के प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने 10 जोन में से 6 के कमिश्नर बदले गए हैं। वहीं दफ्तर में पदस्थ अधिकारी को फील्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजस्व वसूली के सीजन में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 6 जोन कमिश्नरों का तबादला कर दिया है।

निगम आयुक्त ने प्रशासनिक व्यवस्था के तहत अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक जोन 9 प्रभारी जोन आयुक्त, अंशुल शर्मा सीनियर को जोन 1 का प्रभारी जोन आयुक्त बनाया है। जोन 4 का आयुक्त अरूण ध्रुव को, जोन 2 का जोन आयुक्त और जोन 1 प्रभारी जोन आयुक्त दिव्या चंद्रवंशी को जोन 4 का प्रभारी आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह जोन 2 के प्रभारी आयुक्त संतोष पांडे अब जोन 7 के प्रभारी आयुक्त होंगे। जोन 7 के आयुक्त राकेश शर्मा को जोन 9 में आयुक्त बनाकर भेजा ▶▶ शेष पेज 14 पर

# फरवरी के बिजली बिल में भी एफपीपीएएस शुल्क के डबल करंट से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में फरवरी के बिल में बड़ी राहत मिली है। इस माह डबल शुल्क का करंट नहीं लगा है। इसी के साथ इस माह एफपीपीएएस शुल्क छह फीसदी से भी कम लग रहा है। इसके पहले जनवरी में जहां दिसंबर माह का बचा 8.21 फीसदी शुल्क लिया गया, वहीं जनवरी का 4.14 फीसदी शुल्क भी लिया गया। ऐसे में कुल मिलाकर 12.35 फीसदी शुल्क लिया गया। अब फरवरी में बीते माह से आधा ही शुल्क लग रहा है। बिजली का नया टैरिफ बीते साल जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई थी। ऐसे में जब बीते साल अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का ▶▶ शेष पेज 14 पर

- लंबे समय बाद एफपीपीएएस शुल्क छह फीसदी से कम



#### जनवरी में 12.35 फीसदी का झटका

*नए साल के पहले माह जनवरी में जो दिसंबर का बिल आया था। उसमें 13.64 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया। इसमें जहां 5.43 फीसदी पुराना शुल्क है, वहीं दिसंबर का 8.21 फीसदी शुल्क शामिल है। दिसंबर में एफपीपीएएस शुल्क 16.42 फीसदी तय हुआ था। इसमें से आधा दिसंबर के बिल के साथ लिया गया। इसके बाद बचा आधा 8.21 फीसदी शुल्क जनवरी के बिल में लिया गया। फरवरी में जब जनवरी का बिल आया तो उसमें पुराना 8.21 फीसदी शुल्क* ▶▶ शेष पेज 14 पर

## कम यात्री वाले सेक्टरों में उड़ान के लिए राज्य शासन करेगा आर्थिक मदद

# सरकार करेगी मदद, लौटेगी जगदलपुर फ्लाइट, अंबिकापुर-बिलासपुर भी संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





राज्य शासन से मिलने वाली सरकारी मदद के बाद करीब डेढ़ साल पहले बंद हुई रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट वापस आकाश में लौट सकती है। इसी तरह अंबिकापुर और बिलासपुर में बनाए गए विमानतल से भी एयरक्राफ्टों की आवाजाही बढ़ सकती है। कम यात्री वाले इन सेक्टरों में फ्लाइट की उड़ान को आसान बनाने के लिए राज्या शासन ने विमानन कंपनियों को आर्थिक मदद करने की योजना बनाई है।

राज्य में अभी चार स्थानों पर विमानतल का संचालन किया जा रहा है। इसमें रायपुर से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को छोड़कर बाकी शहरों में विमानों का संचालन नियमित नहीं हो पा रहा है। इसकी प्रमुख वजह क्षेत्रों से पर्याप्त संख्या में यात्री उपलब्ध नहीं होना है। एयरलाइंस कंपनी इन शहरों से अन्य गंतव्य के लिए फ्लाइट शुरू करती है मगर पर्याप्त ट्रैफिक (यात्री) नहीं मिलने की वजह से उड़ान को धीरे-धीरे बंद कर दिया जाता है। ऐसे शहरों से फ्लाइट के नियमित उड़ान को बनाए रखने के लिए राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ वायबिलिटी असिस्टेंट फॉर यात्री उड़ान (सीजी वायु ) योजना के जरिए एयरलाइंस कंपनियों को आर्थिक मदद करेगी। राज्य शासन की इस मददगार योजना के बाद पिछली बार विंटर शेड्यूल के दौरान बंद की गई रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट फिर से शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा बिलासपुर और अंबिकापुर से भी दिल्ली की उड़ान शुरू होने और तीन शहरों को जोड़ने संचालित की जाने वाली फ्लाइट के भी ट्रेक में वापस लौटने का अनुमान है।

#### क्या है वायबिलिटी गैप फंडिंग

सूत्रों के मुताबिक इस योजना के तहत उन क्षेत्रों में विमान संचालित करने के लिए विमानन कंपनियों को आर्थिक रूप से मदद की जाती है जहां यात्रियों की संख्या कम है मगर फ्लाइट का ऑपरेशन जरूरी है। मदद के रूप में फ्लाइट के 40 से 60 फीसदी टिकट की बिक्री न्यूनतम कीमत पर की जाती है और अंतर की राशि उसे शासन द्वारा प्रदान की जाती है। शेष टिकटों की बिक्री एयरलाइंस कंपनी अपनी निर्धारित दर पर कर सकती है।

#### तीन कंपनियां चला चुकी फ्लाइट

रायपुर-जगदलपुर के बीच सबसे पहले एयर ओडिशा ने अपनी 18 सीटर छोटी फ्लाइट का संचालन किया था। ओडिशा के दो और छत्तीसगढ़ के एक शहर को जोड़ने वाली इस फ्लाइट को कुछ दिनों में यात्री मिलना कम हो गया। बाद में कंपनी ने अपना एमओयू रद्द कर दिया। इसके बाद अलायंस एयर और इंडिगो ने विमान सेवा शुरू कीए जो कुछ ही समय बसउ यात्री समस्या की वजह से ग्राउंड हो गई है।

**खबर संक्षेप**

## राजेंद्र नगर इलाके में पुलिस की गश्त सघन जांच



रायपुर। होली पर्व के मद्देनजर राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजेंद्र नगर पुलिस ने देर रात फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा ने पुलिस कर्मचारियों को होली ड्यूटी से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखें। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करना और असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देना था। मार्च के दौरान प्रमुख बाजारों, संवेदनशील इलाकों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों से होकर पुलिस ने गश्त की। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने चेकिंग प्वाइंट्स और ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट की व्यवस्था की। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच की जाएगी।

## सेवानिवृत्त ईई का निगम अफसरों ने किया सम्मान

रायपुर। नगर निगम रायपुर की सेवा से माह नवम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए नगर निगम कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान का नगर निगम रायपुर को सेवायें देने हेतु सम्मान अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, जागृति साहू, अधीक्षण अभियंता संविदा बीएल चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव, स्वच्छ भारत मिशन के विषय विशेषज्ञ प्रणित चोपड़ा, सूरज चंद्राकर सहित निगम रायपुर के अन्य सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में उन्हें श्रीफल, शॉल, स्मृतिचिन्ह बुके सहित प्रदत्त करते हुए किया। रायपुर नगर निगम के अपर आयुक्त, उपायुक्त ने नगर निगम रायपुर के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान को रंगों के त्योहार होली पर्व की बधाई दी।

## लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स के भुगतान के लिए फेडरेशन की हाईकोर्ट में याचिका

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की मांग को लेकर याचिका क्रमांक दायर की गई है। मामले की प्रथम सुनवाई सोमवार को हुई, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य शासन को चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में आयोजित की गई थी। बैठक में वर्ष 2017 से लंबित महंगाई भत्ता (डीए) एरियर्स की राशि के भुगतान के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के विरुद्ध पारित आदेश पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त आदेश के आलोक में राज्य शासन से लंबित डीए एरियर्स के भुगतान हेतु शीघ्र निर्णय की मांग की जाए। इस संबंध में फेडरेशन द्वारा शासन को विधिवत ज्ञापन भी सौंपा गया है। साथ ही, साथियों द्वारा फेडरेशन को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अपील दायर करने हेतु अधिकृत किया गया। उसी क्रम में फेडरेशन द्वारा लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की मांग को लेकर याचिका दायर की गई है। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि वह कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु सतत प्रयासरत है। संगठन संवाद के माध्यम से समाधान निकालने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक एवं न्यायिक संघर्ष को भी पूरी मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।


# भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी से ओवरएज को बाहर करने का मामला फिलहाल अटका

**आधा दर्जन से ज्यादा को बनाया गया है प्रदेश पदाधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में आधा दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी ओवरएज बनाए गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने किसी भी हाल में अंडर-35 को ही पदाधिकारी बनाने का फरमान जारी किया है, इसके बाद भी ओवरएज मेंबर्स को पदाधिकारी बना दिया गया है। ओवरएज पदाधिकारियों के बारे में बताया जा रहा है कि ये उम्र का गलत दस्तावेज देकर पदाधिकारी बन गए हैं। भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिया का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच में कुछ पदाधिकारी ओवरएज पाए गए हैं। जानकारों का कहना है, जो भी ओवरएज पदाधिकारी हैं, उनको बाहर करने की तैयारी तो है, पर इस पर दो माह के बाद भी फैसला नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के बंगाल चुनाव में व्यस्त होने के कारण इस मामले में फैसला नहीं हो पा रहा है। अब संभावना यही है कि बंगाल चुनाव के बाद ही इस मामले में कोई फैसला होगा।

भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से मिले निर्देश के बाद भाजपा के प्रदेश संगठन ने स्पष्ट रूप से यह निर्देश जारी किया था कि भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में 35 साल से ज्यादा और जिलाध्यक्ष 33 साल से ज्यादा के नहीं होने चाहिए। इस निर्देश के बाद भी प्रदेश कार्यकारिणी में करीब आठ पदाधिकारियों के ओवरएज होने की बात सामने आ रही है।



### भाजयुमो के प्रस्ताव पर होगा फैसला

भाजयुमो के प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के लिए भाजयुमो के पास जो भी नाम भेजे गए हैं, सभी नाम जिलों से आए हैं। भाजपा संगठन के जिलाध्यक्षों को ही यह जिम्मेदारी दी गई थी कि वे जिन भी पदाधिकारियों के नाम भाजयुमो को भेजें, उनके उम्र के दस्तावेज जांच कर ही नाम भेजें। जानकारों का कहना है कि जिनके भी नाम भाजयुमो को भेजे गए हैं, उनके दस्तावेज जिलों में जांच गए हैं, लेकिन कुछ लोगों ने पद पाने के लिए उम्र के गलत दस्तावेज दिए हैं। इसकी शिकायत होने पर इस बात का खुलासा हुआ है। अब इसकी जांच में कुछ पदाधिकारी ओवरएज पाए गए हैं। इनको बाहर करने की तैयारी है। भाजयुमो इसके लिए प्रस्ताव बनाकर प्रदेश संगठन को देगा, लेकिन इस समय प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय दिसंबर से लगातार बंगाल चुनाव के लिए बंगाल में लगे हुए हैं, इसलिए इस मामले में फैसला अटका हुआ है।

## सोसाइटी प्रबंधकों की चिंता- धान ज्यादा सूखा तो उनसे होगी भरपाई

# छत्तीसगढ़ में 35 डिग्री का तापमान, 36 लाख मीट्रिक टन धान पर बरसा रहा है सूखत का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ में इस समय औसत तापमान 35 डिग्री सेंटीग्रेड के आसपास जा पंहुचा है, उधर दूसरी ओर राज्य के धान खरीद केंद्रों में करीब 36 लाख मीट्रिक टन धान जमा है। मौसम की यह तपिश 17 प्रतिशत नमी की मात्रा के साथ खरीदे गए धान पर सूखत का खतरा बरसा रही है। जितनी अधिक गरमी पड़ेगी, धान भी उतनी तेजी से सूखेगा और उसका वजन कम होगा। वजन में कमी की कीमत सोसाइटियों के धान खरीदी प्रभारी और सोसाइटी प्रभारी जैसे कर्मियों को चुकानी पड़ेगी।

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की दो दिनों की विस्तारित अवधि समाप्त होने के बाद अब सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों में मार्च के पहले सप्ताह तक 36 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है। इस बीच गरमी बढ़ने से धान में सूखत का मात्रा बढ़ने लगी है। सोसाइटी प्रबंधकों का दावा है कि 40 किलो वजन वाले एक कट्टा धान में 400 से 500 ग्राम तक सूखत आ रही है, यानी गरमी से धान सूखने पर वजन कम हो रहा है। राज्य में सरकार ने खरीफ सीजन 2025-26 में 25 लाख से अधिक किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा है। धान का सर्मथन मूल्य और बोनस की राशि सरकार ने किसानों को अदा कर दी है। लेकिन अभी भी उपार्जन केंद्रों में 36 लाख 52 हजार 936 मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं हो पाया है। जितने धान का उठाव हुआ है उसमें से एक बड़ा हिस्सा मिलरों को दिया गया है। मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में 14 लाख 89 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान भेजा गया है।

**उठाव जारी, लेकिन रफ्तार की कमी**



### धान में पानी मिलाने का मामला सामने आया

धान में गरमी की वजह से सूखत का मामला सामने आने के साथ ही अब ये जानकारी भी सामने आई है कि मंदिर हसौद क्षेत्र की मनरेठी सोसाइटी में धान के बोरों में पानी छिड़क कर वजन बढ़ाने की कोशिश की जा रही थी। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियों वायरल होने के बाद सोसाइटी प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। पानी छिड़कने वाले हमालों को काम से निकाल दिया गया है।

### ये है मामला

राज्य में खरीफ सीजन 2025- 26 के लिए 15 नवंबर से धान खरीदी की जा रही है। यह खरीदी नियमित रुप से 31 जनवरी तक चली. इसके बाद दो दिनों के लिए और खरीदी बढ़ाई गई। इधर उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव या परिवहन न होने से जमा धान की मात्रा बढ़ती ही गई। गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ रही है सूखतखरीदी के बाद धान को कैपकवर में उपार्जन केंद्र में ही सुरक्षित रखा जाता है, लेकिन इस धान की मौसम की गरमी से बचाना मुश्किल होता है। इस बार भी यही हो रहा है। जब धान की खरीदी की जाती है तो उसमें 17 प्रतिशत तक की नमी मान्य की जाती है। लेकिन यही नम धान गरमी की वजह से जब सूखता है तो उसका वजन काम हो जाता है।

### एक कट्टे में 4 से 5 सौ ग्राम की कमी

अभनपुर क्षेत्र के कुछ सोसाइटी प्रबंधकों की मानें तो 40 किलो के एक कट्टे में 400 से 500 ग्राम तक धान के वजन में कमी आ रही है। इनका कहना है कि उपार्जन केंद्र में ही कट्टा तौलने पर ये कमी सामने आई है, धर्मकांटे में तौलने पर भी इसी अनुपात में कमी नजर आ रही है। सोसाइटी प्रभारियों की चिंता इस बात को लेकर है कि अगर धान के वजन में कमी हुई तो उन्हें अपनी जेब से भरपाई करनी पड़ेगा। अगर ये रकम जमा नहीं कर पाए तो उनके खिलाफ गबन के आरोप में एफआईआर हो सकती है जैसा कि पिछले सीजन में हुआ था। इस समय भी धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के खरीदी प्रभारी, और सोसाइटी प्रबंधक इस बात के इंतजार में हैं कि उनके उपार्जन केंद्र में जमा धान का उठाव हो जाए। लेकिन यह प्रक्रिया धीमा रफ्तार से चलने की वजह से उनकी चिंताएं बढ़ती जा रही है।

# होली के एक दिन पहले कलेक्टर ने ली समयसीमा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने होली त्योहार के एक दिन पहले मंगलवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस भवन में समयसीमा की बैठक ली। बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से राजस्व, खाद्य विभाग के अलावा रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

**अविवादित बंटवारा समेत अन्य राजस्व प्रकरण जल्द करें निराकृत**

कलेक्टर ने बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अविवादित बंटवारा प्रकरणों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न की जाए तथा लंबित अन्य राजस्व प्रकरणों का भी जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। उन्होंने सभी तहसीलों को खाता विभाजन के प्रकरणों में त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### ई-ऑफिस प्रणाली, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर दिया जोर

कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें एवं बायोमैट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य रूप से लागू करें, साथ ही सभी कार्यदिवस की उपस्थिति रिपोर्ट भी नियमित रूप से प्रस्तुत करने के लिए कहा। कलेक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निर्माण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत शासकीय कर्मचारियों से योजना का लाभ लेने की अपील भी की। उन्होंने नगर निगम एवं तहसील प्रशासन को निर्देश दिए कि स्कूल परिसरों के आसपास गुटखा, पान, तंबाकू आदि की दुकानों का संचालन न हो। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेम और सद्भाव के रंगों से सराबोर हो होली : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



■ रंगों के पावन पर्व की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि यह उल्लास, उमंग और आत्मीयता का महापर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करे। मुख्यमंत्री ने कहा, होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को सशक्त बनाने का अवसर है। यह पर्व समाज में समरसता, सद्भाव और एकता को प्रगाढ़ करता है तथा हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति में होली का विशेष महत्व है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय, अहंकार पर विनम्रता की जीत और वैमनस्य पर प्रेम की प्रधानता का संदेश देता है। होली के रंग हमें स्मरण कराते हैं कि विविधताओं से परिपूर्ण हमारे समाज की वास्तविक शक्ति परस्पर विश्वास, अपनत्व और सामूहिक सहयोग में निहित है।

### प्रेम भाईचारे का संदेश देता है- डॉ. महंत



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने होली, रंग उत्सव की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, होली रंगो तथा हंसी-खुशी का त्योहार है। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सभी लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को अबीर, गुलाल लगाकर बधाईयां देते हैं। आज प्यार के रंगो में रंगे, एकता भाईचारे के रंग में डुबे, यही मेरी कामना है।

# नगरीय निकायों और पंचायतों के 1134 पदों के लिए उप चुनाव तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ राज्य निर्वाचन आयोग ने अद्यतन सूची, जारी करने के निर्देश

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और पंचायतों में रिक्त पदों के लिए चुनाव की तैयारी राज्य निर्वाचन आयोग ने शुरू कर दी है। मतदाता सूची के एसआईआर की अंतिम सूची आने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव सूची को अद्यतन करने की तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि अप्रैल माह के अंत तक चुनाव के लिए सभी तैयारी पूरी कर रिक्त पदों पर चुनाव कराया जाएगा।

राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के नगरीय निकायों में अध्यक्ष के 6 एवं पार्षद के 75 पद तथा ग्रामीण निकायों में जनपद पंचायत सदस्य के 6 पद, सरपंच के 70 पद तथा पंच के 977 पद रिक्त हैं। कुल मिलाकर लगभग 1134 पदों पर जिन पर उप चुनाव कराया जाना हैं। बताया गया है कि राज्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से सभी जिला कलेक्टरों को अपने क्षेत्र में रिक्त पदो के अनुसार तैयारी करने कहा गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्थानीय निकायो के आगामी आम एवं उप निर्वाचन की तैयारियों की पिछले दिनों समीक्षा की थी। निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय से कार्य का अव्हान किया।

### चुनाव कार्यक्रम शीघ्र जारी होगा

चुनाव के लिए विशेष रूप से मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को प्राथमिकता देते हुए आगामी आम /अप निर्वाचन हेतु आवश्यक ,निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक नामावली का अद्यतन डाटा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उक्त नामावली प्राप्त होते ही जिससे स्थानीय निकाय के आगामी चुनाव हेतु समयबद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी तथा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

# मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा में मुख्यालय की टीम विजेता, इमरान ने नाबाद 90 रन बनाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ फाइनल मैच में जोन 4 की टीम को 38 रनों से हराया

राजधानी के नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित रायपुर नगर निगम मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल मैच में निगम मुख्यालय की टीम ने जोन 4 की टीम को हराकर स्पर्धा का फाइनल मैच जीत लिया। निगम मुख्यालय टीम की ओर से इमरान खान ने नाबाद 90 रन की चमकीली पारी खेलते हुए 29 गेंद में शानदार 11 छक्के और 4 चौके लगाए। मुख्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लेकर निर्धारित 12 सीमित ओवर के मैच में 4 विकेट पर 155 रन बनाए, जिसमें इमरान खान के शानदार 90 रन शामिल रहे। जवाब में नगर निगम जोन 4 की टीम 117 रन ही बना पाई, इस तरह वह निगम मुख्यालय की टीम से 38 रनों से पराजित हो गई। अपर आयुक्त विनोद पांडे की कप्तानी में नगर निगम मुख्यालय टीम ने मेयर कप के खिताब को जीत लिया। अधीक्षण अभियंता इमरान खान बेस्ट बैट्समैन और मैन ऑफ द मैच फाइनल मैच में घोषित किए गए। शुभम को बेस्ट बॉलर चुना गया। महापौर मीनल चौबे 9 मार्च को महात्मा गांधी सदन में आयोजित कार्यक्रम में मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा के विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कृत करेंगी। मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन नगर निगम के खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से किया गया। इस मौके पर निगम के खेलकूद व युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, महेंद्र खोडियार, अवतार-भारती बागल, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, अमर गिदवानी, संजना संतोष हियाल, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू राम साहू,जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षद अजय साहू, आनंद अग्रवाल, अपर आयुक्त विनोद पांडे, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, जोन 4 कमिश्नर अरूण ध्रुव सहित खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




# रोजगार बन रहा बड़ी चुनौती, राज्य में 15.45 लाख से ज्यादा पंजीकृत बेरोजगार, 43 फीसदी तकनीकी सहित उच्च शिक्षा वाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ रोजगार मेला, प्लेसमेंट कैंप से नहीं मिल रही बड़ी राहत, स्नातक और तकनीकी शिक्षा वाले भी बहुतायत



रोजगार की समस्या राज्य के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। विभिन्न स्तर पर लगाए जाने वाले रोजगार मेला, प्लेसमेंट कैंप बड़ी राहत नहीं दे पा रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक राज्य में दिसंबर 2025 की स्थिति में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 15.45 लाख से अधिक है। इनमें 43 फीसदी तकनीकी, व्यावसायिक सहित उच्च शिक्षा प्राप्त युवा हैं। रोजगार की आस में पंजीयन कराने वाले शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक हैं। रोजगार की आस में डिग्री लेकर घूमने वाले बेरोजगार शासन-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती हैं। विधानसभा में विधायक कुंवर निषाद द्वारा पूछे गए सवाल पर लिखित जवाब देते हुए कौशल विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने बताया कि इन्हें समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से रोजगार उपलब्ध कराए जाते है। मगर सभी के लिए रोजगार की व्यवस्था की निर्धारित तिथि बताना संभव नहीं है। राज्य में दिसंबर की स्थिति में कुल पंजीकृत 15 लाख 45 हजार 590 बेरोजगार में पांच लाख के करीब सामान्य वर्ग के युवा है। वहीं महिलाओं की संख्या 7 लाख 29 हजार 484 है। इनमें व्यवसायिक पाठ्यक्रम में विशेषज्ञता लेने वाले 1 लाख 9978, तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने वाले 3 लाख 59 हजार 510, स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले 3 लाख 55 हजार 33 लोग शामिल है। बारहवीं की पढ़ाई के बाद रोजगार का इंतजार करने वालों की संख्या 6 लाख 71 हजार 988 तथा 10 वीं पास युवाओं की संख्या 91784 है। सूत्रों का कहना है कि कई शासकीय विभागों में पद रिक्त है मगर भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाली देरी की वजह से बेरोजगारों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**समता कॉलोनी में समारोह, कांग्रेस ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों ने दिखाई एकजुटता**

# पश्चिम विधानसभा में होली मिलन समारोह, शामिल हुए कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में क्षेत्र वासियों और शहर के गणमान्य जनों के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें युवा साथी, महिलाएं और वरिष्ठजन शामिल हुए।

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक और मंडल अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। पीसीसी के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने से यह कार्यक्रम और रोचक हो गया। यहां आयोजित होली मिलन समारोह में सभी कांग्रेस नेताओं के एकत्रित होने के साथ ही आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को रंगों के त्यौहार की बधाई दी। समारोह में मौजूद कांग्रेस नेताओं ने आयोजन को अच्छा प्रयास बताया।



सुबोध हरितवाल ने इस अवसर पर कहा, होली का त्योहार हमें प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है। समारोह के माध्यम से हम सभी को एक साथ आने और होली के रंगों में रंगने का अवसर मिलता है साथ ही होली का त्योहार हमें अपने पुराने मतभेदों को भूलकर एक नए और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का संदेश देता है। उन्होंने कहा, होली का त्योहार हमें प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है, जो समाज में एकता और शांति को बढ़ावा देता है। होली का त्योहार समाज के सभी वर्गों के लोगों को एक साथ लाता है, जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है।

### ये थे मौजूद

होली मिलन समारोह में विशेष रूप से डॉ निरंजन हरितवाल, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर एजाज ढेबर, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, संचार प्रमुख कांग्रेस सुशील आनंद शुक्ला, पीसीसी महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, विनोद तिवारी, अजय साहू, शिव सिंह ठाकुर, धनंजय ठाकुर, गिरीश दुबे, वरिष्ठ नेता संजय पाठक, सूर्यमणि मिश्रा, सुंदर जोगी, कोको पाढ़ी, लीलाधर साहू, पूजा देवांगन, दिनेश तिवारी, प्रगति वाजपाई, वंदना राजपूत, रवि थॉमस, संपत ठाकुर, दाऊ लाल साहू, संगीता दुबे, महेश शर्मा , दलजीत चावला, संजीव शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष सुधा सरोज, किशन बाजारी, मिलिंद गौतम, मंडल अध्यक्ष अमित काचलवार , अमित तिवारी, संतोष साहू, नंदन झा, ईश्वर यदु, रशीद खान,कुंदन सिन्हा, कलार समाज अध्यक्ष युवराज सिन्हा, कान्यकुब्ज समाज अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, गौड ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, सिंधी पंचायत डीडी नगर से विजय गिदवानी, साहू समाज से पवन साहू , विक्की साहू , राहुल श्रीवास्तव समेत गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# रविवि वर्षभर मनाएगा महापुरुषों की जयंती, वार्षिक कैलेंडर के आधार पर आयोजन

## अंतर्राष्ट्रीय महत्व के दिवस और पुण्यतिथियों पर भी होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा पूरे वर्ष महापुरुषों की जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक आयोजन किए जाएंगे। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में इस संदर्भ में निर्णय लिया गया। लिए गए निर्णय के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय महत्व के दिवसों तथा महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इससे शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन में मदद मिलेगी। इन आयोजनों से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में सामाजिक चेतना, राष्ट्रबोध एवं नैतिक मूल्यों का विकास होगा। विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न दिवस, जयंती और पुण्यतिथि के आयोजनों को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए एक वार्षिक कैलेंडर तैयार किया गया है। विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों को दायित्व सौंपते हुए आयोजन के लिए अधिसूचना जारी की गई है। रविवि की विद्यापरिषद द्वारा इस संदर्भ में अनुशंसा की गई थी, जिस पर कार्यपरिषद की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई।



### दी जाएगी जानकारी

आयोजित संबंधित जो वार्षिक कैलेंडर रविवि ने जारी किया है, उसमें विवेकानंद जयंती, हिंदी दिवस सहित अंतरिक्ष दिवस, विश्वकर्मा जयंती, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, बिरसा मुंडा जयंती, शहीद वीरनारायण दिवस, गुरु घासीदास जयंती, पं.सुंदरलाल शर्मा जयंती, राष्ट्रीय गणित दिवस व वीर बाल दिवस सहित 39 तिथियों का जिक्र किया गया है, जिसमें आयोजन होने हैं। इन आयोजनों के दौरान छात्रों को उनसे संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। कई तरह के आयोजन भी होंगे। दिवस की जिम्मेदारी उससे संबंधित अध्ययन-अध्यापन कराने वाले विभागों को सौंपी गई है, जबकि जयंति और पुण्यतिथि संबंधित आयोजनों का विभाजन विभिन्न विभागों में हुआ है।

## खबर संक्षेप



### प्रदेश की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक नितिन गौरीशंकर अग्रवाल ने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना के साथ पावन तीर्थ स्थलों का दर्शन करके पूजा-अर्चना की। इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उन्होंने खाटू श्याम मंदिर (राजस्थान), सालासर बालाजी मंदिर और बांकेबिहारी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेश और छत्तीसगढ़वासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### कन्हैयालाल वार्ड में जल संकट स्थायी पानी टंकी की मांग



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के छाया पार्षद डॉ. विजय देवांगन ने खमतराई के अंतर्गत आने वाले नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड-15 में व्याप्त पेयजल संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया, नया तालाब क्षेत्र के पास स्थित बोरवेल विगत एक सप्ताह से खराब पड़ा है, जिसके कारण आसपास निवास करने वाले सैकड़ों नागरिकों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि खराब पड़े बोरवेल को तत्काल दुरुस्त कराया जाए तथा क्षेत्र में एक स्थायी पानी टंकी की व्यवस्था की जाए, ताकि आने वाले दिनों में जल संकट से स्थायी राहत मिल सके। जोन कमिश्नर को ज्ञापन देने के दौरान सुरेंद्र बिसेन, शिव शर्मा, रामदयाल यादव, प्रशांत यादव, राकेश साहू, राकेश देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एमएससी नर्सिंग के लिए व्यापम ने खोला पोर्टल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए पोर्टल खोल दिया है। प्रवेश परीक्षा 14 मई को आयोजित की जाएगी। आवेदन 3 मार्च से 27 मार्च तक व्यापम की वेबसाइट पर ऑनलाइन किए जा सकेंगे। परीक्षा केंद्र केवल रायपुर और बिलासपुर में बनाया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रदेश के स्नातकोत्तर नर्सिंग पाठ्यक्रम में छात्रों को प्रवेश मिलेंगे।

## निधन

### किशोर कुमार राठौड़



**रायपुर।** फाफाडीह निवासी किशोर कुमार राठौड़ का 2 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे नेहा बृजेश व्यास, नेतल सिद्धार्थ जैन के पिता, केशवलाल राठौड़ के छोटे भाई तथा विजय अश्विन, धीमंत के चाचा व कुशल, हार्दिक गौरव के दादा थे।

**आम सूचना का खण्डन**

सर्वसाधारण, वित्तीय संस्थाओं एवं संपत्ति क्रय करने के इच्छुक व्यक्तियों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि ग्राम सिवनी, प.ह.नं. 00016, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौंद जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 17, रकबा 1.3000 हेक्टेयर के संबंध में हरि भूमि समाचार पत्र दिनांक 27.02.2026 में अधिवक्ता श्री नितिन खाखरिया को प्रकाशित आम सूचना भ्रामक, तथ्यहीन एवं विधि विरुद्ध है।

उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार श्री गणेशराम गायकोवाड़ पिता स्व. श्री जगतराम गायकोवाड़, निवासी कुरुद, मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा दिनांक 20.11.2023 को श्री बिसहत चण्डेल पिता श्री मेहतर चण्डेल, निवासी सिवनी, मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) के साथ विधिवत इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है तथा सौदे की शर्तों का पालन करते हुए मेरे पक्षकार सदैव विक्रय विलेख पंजीयन हेतु तैयार, तत्पर एवं इच्छुक रहे हैं।

इसके बावजूद विक्रेता द्वारा दुर्भावनापूर्ण नीयत से उक्त भूमि को अन्य व्यक्तियों को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि न केवल अनुबंध का स्पष्ट उल्लंघन है, बल्कि दण्डनीय एवं विधि विरुद्ध कृत्य है।

**अतः यह स्पष्ट रूप से चेतावनी दी जाती है कि –**
1. कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि को क्रय करने, एग्रीमेंट करने, बयाना देने, ऋण स्वीकृत कराने या किसी भी प्रकार का लेन-देन करने का प्रयास न करें। 2. यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि का क्रय-विक्रय करता है तो वह लंबित अधिकारों, वाद-विवाद एवं संभावित न्यायालयीन कार्यवाही के अधीन रहेगा। 3. ऐसी किसी भी अवैध लेन-देन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति स्वयं समस्त विधिक परिणामों, हानि एवं व्यय के लिए उत्तरदायी होगा। मेरे पक्षकार अपने वैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु सक्षम न्यायालय में विशिष्ट प्रतिपादन (Specific Performance), स्थगन आदेश (Injunction) एवं अन्य आपराधिक / दीवानी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र हैं।

यह सूचना जनहित एवं भावी विवाद से बचाव हेतु प्रकाशित की जा रही है

स्थानः रायपुर (छ.ग.) दिनांकः 03.03.2026

SHUBHAM BRIJWANI (ADVOCATE)
Office No. 15, Ground Floor
Lal-Ganga Midas, Fafadih, Raipur
(C.G.), Contact No-8962676636

## राजधानी की सभी शराब दुकानों में दिनभर लगी रही भीड़

# शराब दुकानों में टूट पड़ी पियक्कड़ों की भीड़, मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली के दिन शासकीय शराब दुकानें बंद रहेंगी। इसे देखते हुए एक दिन पहले मंगलवार को राजधानी रायपुर की समस्त शराब दुकानों में दिनभर पियक्कड़ों की भीड़ लगी रही। रोड से लगी कई शराब दुकानों के कारण मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति भी बनी रही, जिसके कारण यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। इधर शराब दुकानों के कारण सड़क पर लगने वाले जाम से निपटने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों के तैनात नहीं किए जाने के कारण वाहन चालक भी परेशान होते रहे।ोली के कारण सुबह 11 बजे से शराब दुकानों में पियक्कड़ों की भीड़ लगनी शुरू हो गई, जो धीरे-धीरे समय के साथ दोपहर, शाम से देर शाम, रात तक और बढ़ गई। शहर में कई शराब दुकानें रोड से लगी हुई हैं। इनमें कटोरा तालाब, पचपेड़ी नाका, लाखेनगर, रेलवे स्टेशन सहित अन्य कई दुकानें हैं, जो मुख्य सड़क से महज 20 से 30 फीट दूर संचालित हो रही हैं। यही नहीं, कई दुकानें जो रोड से 100 से 200 मीटर अंदर हैं, ऐसी दुकानों में भाठागांव, मोवा सहित अन्य कई दुकानें शामिल हैं। इन सभी दुकानों में कोई दोपहिया, कोई तीन पहिया तो कोई चारपहिया वाहन से शराब खरीदने दिनभर पहुंचते रहे। ये सभी लोग अपने वाहन को बेतरतीब तरीके से शराब दुकान के सामने या सड़क तक खड़ी कर दुकान में जाकर शराब की खरीदी करते रहे, जिसके कारण मुख्य सड़क पर दिनभर जाम की स्थिति भी बनी रही, जिससे आम वाहन चालक परेशान होते रहे।

### एक दिन में 11 करोड़ से अधिक की शराब बिक्री की संभावना

होली के एक दिन पहले शराब दुकानों में जिस तरह से पियक्कड़ों की दिनभर भीड़ लगी रही। उसे देखकर संभावना जताई जा रही है कि जिले में एक ही दिन में 11 करोड़ रुपए से ऊपर शराब की बिक्री हुई है। सामान्य दिनों में हर रोज जिले में औसतन साढ़े पांच करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती है, जो होली और दीपावली जैसे त्योहार में दोगुनी हो जाती है। पिछले वर्ष भी होली के दौरान तीन दिन में 18 करोड़ से अधिक की शराब की बिक्री हुई थी। यह स्थिति पिछले वर्ष दीपावली के दौरान भी थी।

### वाद-विवाद के बीच शराब की बिक्री

कई शराब दुकानों में भीड़ के कारण दुकान के कर्मचारी और ग्राहकों के बीच वाद-विवाद की स्थिति भी देखने को मिली। भाठागांव, कटोरा तालाब दुकानों में खरीदारों की सबसे ज्यादा भीड़ रही। इसके कारण इन दुकानों में कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच वाद-विवाद भी होते रहा। ज्यादातर विवाद मनचाहा शराब के नहीं मिलने तथा चिल्हर पैसे और ओवररेट को लेकर भी बहस होते रही। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शाम तक इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पोर्टल में खुला पिछले माह वितरण का आप्शन, छूटे हितग्राहियों का अब लैप्स नहीं होगा चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चावल उत्सव के तहत एक साथ दो महीने का चावल कार्ड धारकों को वितरित किया जा रहा है। प्रदेशभर में 90 प्रतिशत तक चावल वितरण हो चुका है, लेकिन लगभग 9 प्रतिशत कार्डधारकों को राशन दुकानों में स्टॉक की कमी के कारण फरवरी का महीना खत्म होने के बाद भी चावल मिल नहीं पाया। इन धारकों को मार्च महीने में बैक माह का ऑप्शन नहीं खुलने के कारण फरवरी माह का चावल लैप्स होने का भय था, लेकिन 3 मार्च को यह ऑप्शन खुल गया है। इसके बाद अब छूटे हुए धारक भी अपना दोनों महीने का चावल उठा पाएंगे। हालांकि राशन दुकानों में अभी भी बीपीएल चावल के साथ शक्कर का टोटा है, जिसके कारण मंगलवार को भी राजधानी रायपुर के कई राशन दुकानों से त्योहार के दौरान में भी हितग्राहियों को बैरंग लौटना पड़ा।



### शक्कर गायब, होली की मिठास हुई कम

होली के पहले ही कई राशन दुकानों से शक्कर का स्टॉक खत्म हो चुका है। सूत्रों के अनुसार, लगभग 20 प्रतिशत कार्डधारकों को पिछले महीने शक्कर ही वितरित नहीं हो पाई, जिसके कारण हितग्राहियों की शक्कर भी लैप्स हो गई। चालू महीने में भी त्योहार के पहले कई राशन दुकानों में शक्कर का स्टॉक पहुंचा नहीं है। इस कारण इसका वितरण भी नहीं हो पा रहा है। होली में भी शक्कर नहीं मिलने के कारण कई हितग्राही बिना शक्कर के त्योहार मनाएंगे।

### कलेक्टर के निर्देश- पर्याप्त मात्रा में चावल-शक्कर का भंडारण करें

पोर्टल पर फरवरी माह का ऑप्शन खुलने की जानकारी मिलते ही कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने खाद्य विभाग और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को उचित मूल्य की सभी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में चावल और शक्कर का भंडारण कराने के निर्देश दिए हैं। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कई उचित मूल्य की दुकानों में चावल और शक्कर का भंडारण नहीं हो पाया है। यहीं कारण है कि पिछले महीने का ऑप्शन पोर्टल में खुलने के बाद भी हितग्राहियों को दो माह का चावल वितरण नहीं हो पा रहा है।

# इंडिया स्किल में छत्तीसगढ़ को ऐतिहासिक सफलता मुख्यमंत्री ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवाओं की प्रतिभा, तकनीकी दक्षता एवं नवाचार क्षमता को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार का कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं ने ईस्ट ज़ोन रीजनल प्रतियोगिता में 12 पदक और 4 मेडल ऑफ एक्सीलेंस अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। यह प्रतियोगिता क्रमशः चार चरणों में जिला, राज्य, रीजनल एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल के अंतर्गत भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के युवाओं को बधाई देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ के युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। राज्य सरकार कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक प्रशिक्षण, नवाचार और उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दे रही है। यह सफलता सशक्त युवा, समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ईस्ट जोन की रीजनल प्रतियोगिता का समापन 2 मार्च को भुवनेश्वर में हुआ, जिसमें ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़ एवं अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने 59 कौशल श्रेणियों में भाग लिया।

### इन प्रतिभागियों ने जीते पदक

डिजिटल इंटरैक्टिव मीडिया में सुनील कुमार पैतल ने स्वर्ण पदक, 3डी डिजिटल गेम आर्ट में खुशांक नायक, सीएनसी मिलिंग में पुष्कर सोनबर एवं सीएनसी टर्निंग में आत्माराम ने रजत पदक अर्जित कर राज्य को गौरवान्वित किया। इसी तरह सीएनसी मिलिंग में निखिल, इलेक्ट्रॉनिक्स में अभिषेक कुमार, प्लंबिंग एवं हीटिंग में रेशमान, वेब टेक्नोलॉजी में सतेंद्र कुमार ने कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया।

# तेज गर्मी के पहले जिला अस्पताल का हीट स्ट्रोक रूम तैयार पिछली बार नहीं पड़ी थी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 35 डिग्री के करीब गर्मी शुरू होते ही जिला अस्पताल के हीट स्ट्रोक रूम को तैयार कर लिया गया। लू और डिहाईड्रेशन की समस्या लेकर आने वाले लोगों के इलाज के लिए वहां बेड के साथ बॉथ टब और आइस मेकिंग मशीन की व्यवस्था भी की गई है। पिछले साल किए गए इस इंतजाम की जरूरत नहीं पड़ी थी, क्योंकि एक भी मरीज इस बीमारी के साथ वहां नहीं पहुंचा था।

- इलाज के लिए बेड के साथ बॉथ टब और आइस मेकिंग मशीन की व्यवस्था

जिला अस्पताल में विशेष रूप से "हीट स्ट्रोक रूम" स्थापित किया गया है, जहां अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। मरीजों के शरीर का तापमान तेजी से कम करने के लिए दो विशेष बाथटब लगाए गए हैं, जिनमें ठंडे पानी और बर्फ की सहायता से इमर्शन कूलिंग की जा सकेगी। इसके साथ ही बर्फ की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आइस मेकिंग मशीन भी स्थापित की गई है, ताकि गंभीर स्थिति में मरीजों को तत्काल ठंडा उपचार दिया जा सके। हालांकि अभी शहर में 34-35 डिग्री की गर्मी पड़ रही है जो सामान्य जैसी स्थिति में हैं। गर्मी का असर ज्यादातर अप्रैल, मई और जून के महीने में होता है जब अधिकतम तापमान 43-44 डिग्री के बाद सामान्य से अधिक होता है। चिकित्सकों के अनुसार हीट स्ट्रोक के लक्षणों में त्वचा का गर्म, लाल और सूखा हो जाना, जी मचलना और उल्टी होना, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच जाना, सांस का फूलना और तेज धड़कन, घबराहट, सिर चकराना तथा बेहोशी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए।




# पुलिस की सख्ती के बीच युवक पर चाकू से हमला कर किया लहूलुहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली के बीच पुलिस की सघन जांच के बीच सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात आजाद चौक थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना हुई है। गंभीर रूप से घायल युवक बेहोशी की हालत में रामनगर रेलवे ट्रैक के पास मिला। युवक के गंभीर हालत में बेहोश होने की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए डॉयल-112 की मदद से उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया। घायल युवक के नशे में होने की बात सामने आई है।

- आजाद चौक थाना क्षेत्र के रामनगर रेलवे ट्रैक पर मिला था युवक बेहोशी की हालत में

पुलिस के अनुसार, युवक की पहचान दुर्ग निवासी रोशन ध्रुव (22) के रूप में हुई है। बेहोशी की हालत में मिले रोशन के शरीर पर धारदार हथियार से हमले के निशान पाए गए हैं। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने रेलवे ट्रैक के पास युवक को खून से लथपथ पड़ा देखा। इसके बाद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। प्रारंभिक जांच में हमलावर की पहचान नहीं हो पाई है। अज्ञात बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

# कोर्ट के बाद अब पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजनांदगांव, बस्तर, बिलासपुर तथा रायपुर जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी के बाद शरारती तत्वों ने इस बार पंडरी स्थित श्याम प्लाजा में संचालित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल भेजा है। ई-मेल पासपोर्ट कार्यालय के अधिकृत ई-मेल आईडी में आया है। घटना की शिकायत सिविल लाइंस थाने में दर्ज करा दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पासपोर्ट कार्यालय को उसके अधिकृत मेल आईडी में अज्ञात शरारती जो अपने आपको तामिलनाडु निवासी बताते हुए 12 बम से उड़ाने संबंधित मेल भेजा है। पोसपोर्ट कार्यालय को मेल सोमवार का आया था। धमकी की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस तथा डॉग स्क्वाड की टीम जांच करने पासपोट कार्यालय पहुंची, लेकिन पुलिस को वहां किसी तरह से कोई बम नहीं मिला। पुलिस की साइबर टीम भेजे गए मेल के आईपी एड्रेस की जांच कर मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है।

- सिविल लाइंस थाना पुलिस जांच में जुटी, ई-मेल आईडी के आईपी एड्रेस की पुलिस कर रही जांच
- पासपोर्ट कार्यालय को 12 बम से उड़ाने की धमकी

# जरूरतमंद युवाओं को मिल रहा स्मृति पुस्तकालय योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन की पहल पर जरूरतमंद अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें तथा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स मिल सके, इसके लिए स्मृति पुस्तकालय योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत लोग अपनी पुरानी पुस्तकें तथा इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स दान भी कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला पंचायत लाइब्रेरियन डॉ. मीनाक्षी वाजपेयी ने इतिहास की पुस्तकें जिला प्रशासन को दान की हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए प्रमाण पत्र एवं प्रेरक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।



### 8100 से अधिक पुस्तकें दान

उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 8100 से अधिक पुस्तकें एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान की जा चुकी हैं, जिनका लाभ जिले के अनेक विद्यार्थियों को मिल रहा है। यह अभियान केवल पुस्तक दान तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को संवारने और उनके भविष्य निर्माण का संकल्प है। कलेक्टर ने आमजन से अपील की है कि वे भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें। पुस्तक अथवा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करने के लिए इच्छुक लोग मोबाइल के माध्यम से प्रभात सक्सेना एवं केदार पटेल से संपर्क कर सकते हैं।

# केंद्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा 2 मई को, आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के तहत 2 मई को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें चयनित कक्षा 8वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई के लिए हर माह एक-एक हजार रूपए की छात्रवृत्ति केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के लिए परीक्षा आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑफलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 मार्च है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। विस्तृत दिशा-निर्देश माशिम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# चिरायु योजना ने प्रिया के जीवन में भर दिया होली का रंग, हृदय की बीमारी का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बच्चों को बीमारी से छुटकारा दिलाने के लिए चलाए जाने वाले राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु योजना) ने कक्षा चौथी में पढ़ने वाली प्रिया लोधी के जीवन में होली के दौरान रंग भर दिया। स्कूली जांच के दौरान उसके दिल में सुराख होने का पता चला था। परिवार की आर्थिक तंगी प्रिया के इलाज की बड़ी चुनौती थी। चिरायु टीम की मदद से निजी अस्पताल में उसका निशुल्क इलाज हुआ और वह अपने साथियों के साथ होली खेलने को तैयार हो गई।

चिरायु टीम अपने नियमित कार्यक्रम के तहत आरंग जिले के ग्राम गुल्लू के प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान कक्षा चौथी की छात्रा प्रिया लोधी की हृदय गति असामान्य पाई गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि खेलने के दौरान काफी थक जाती है एवं सांस फूलने लगती है। इस समस्या को गंभीर मानते हुए जांच टीम ने तुरंत उसके पिता अश्वनी लोधी को बुलाकर उसकी जानकारी देकर हृदय रोग विशेषज्ञ से सलाह लेने कहा। माता पिता के मन में अपनी बेटी के भविष्य, उसकी शिक्षा को लेकर डर सता रहा था मगर सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक तंगी की थी। एक गरीब परिवार के लिए निजी अस्पताल में ऑपरेशन का खर्च उठा पाना कठिन था। इसकी जानकारी जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी को दी गई। उनके निर्देश पर चिरायु टीम ने शहर के निजी अस्पताल में जाकर उसका ईको कराया। पता चला कि दिल में छेद है एवं इसका ऑपरेशन करना जरूरी है। इसके बाद जिला प्रशासन के प्रोजेक्ट धड़कन के तहत प्रिया को हास्पिटल में दाखिल कराया गया। 24 फरवरी को तमाम जांच प्रक्रिया के बाद उसका ऑपरेशन हुआ और 28 फरवरी को पूर्ण स्वस्थ्य होने के बाद उसे हास्पिटल से छुट्टी दे दी गई। बीमारी के दौरान थोड़े खेल में थक जाने वाली प्रिया अब अपने साथियों के साथ जमकर होली खेलने को तैयार है।

**खास बातें**

- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जरिए चौथी की छात्रा को मिला नया जीवन
- स्कूली जांच में पता चला था बीमारी का, आर्थिक तंगी थी इलाज की बड़ी चुनौती



### इनसे मिला होली का उपहार

प्रिया की सफल सर्जरी कराने में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के अलावा चिरायु योजना की नोडल अधिकारी डॉ. श्वेता सोनवानी एवं टीम के डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, फार्मासिस्ट डुमेन्द्र धुर्वे, एएनएम टिकेश्वरी साहू एवं एलटी मुकेश साहू का विशेष योगदान रहा। इस योजना के तहत अब तक रायपुर जिले में 14 से अधिक बच्चों को विभिन्न तरह की गंभीर बीमारियों से निजात दिलाया जा चुका है।

**खबर संक्षेप**

## सिंधियत जो मेलो में शिरकत करने मुख्यमंत्री साय को निमंत्रण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल के अवतरण पर्व चेट्री चंड्र के अवसर पर होने जा रहे दो दिवसीय कार्यक्रम 'सिंधियत जो मेलो' का आमंत्रण दिया गया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और सलाहकार व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के तत्वावधान में यह सांस्कृतिक और धार्मिक समागम 'सिंधियत जो मेलो' आगामी 14 और 15 मार्च को राजधानी के ललित महल में आयोजित होगा। सिंधी समाज की परंपराओं और गौरव को समर्पित यह दो दिवसीय आयोजन धार्मिक आस्था और सिंधी संस्कृति का अनूठा संगम होगा। इस मौके पर समाज के आराध्य देवों, संतों और सिंधी समाज के स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन व योगदान पर आधारित गौरवमयी झाँकियां भी सजाई जाएंगीं। इसी के साथ भगवान झूलेलाल के अवतरण की गाथा को एक आधुनिक और भव्य लेजर शो के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

## सकरी के ग्रामवासियों ने किया होलिका दहन



**रायपुर।** ग्राम सकरी और रायपुर क्षेत्र में परंपरा एवं श्रद्धा के साथ मंगलवार की शाम होलिका दहन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों ने शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और होलिका की अग्नि प्रज्ज्वलित कर सुख-समृद्धि की कामना की। यह उत्सव सामाजिक भाईचारे के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व सरपंच संतराम नारंग और नारायण पाल ने बताया कि होली का मुख्य संदेश बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रेम, एकता और भाईचारे का है, जो सामाजिक भेदभाव मिटाकर सभी को एक साथ लाता है और नई शुरुआत का प्रतीक है। यह त्योहार अहंकार के विनाश, प्रकृति के प्रति सम्मान और वसंत के आगमन का भी संदेश देता है, जिसमें लोग रंगों और खुशियों से जीवन को रंगीन बनाते हैं। इस अवसर पर पंच महेंद्र गेंद्रें, श्याम दास, दीनदयाल घृतलहरे, मोहित जांगड़े, भागवत लहरी, जागेश्वर कुर्रे, नरसिंह धुरु, खेमलाल सिंह, घनश्याम पाल सहित समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

## पीएससी का आरोपों से इनकार, कहा-धूमिल कर रहे छवि

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग ने उन आरोपों से इनकार किया है, जिनमें यह कहा गया है कि उनके द्वारा निरीक्षक वाष्पयन्त्र परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी का चयन त्रुटिपूर्ण है। पीएससी का कहना है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माननीय सदस्यों के नाम के साथ भ्रामक जानकारी प्रसारित कर आयोग की चयन प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगाने का प्रयास किया जा रहा है। वे चयन प्रक्रिया निष्पक्ष तथा त्रुटिरहित कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दस्तावेज सत्यापन के समय प्रचलित नियमों के अनुसार ही सभी अभ्यर्थियों की अधिकतम आयुसीमा सम्बन्धी अर्हता निर्धारण तथा चयन की कार्यवाही की गई है। निरीक्षक वाष्पयन्त्र परीक्षा-2024 पद पर प्रथम चयनित अभ्यर्थी, किसी भी पीएससी सदस्य के रिश्तेदार नहीं हैं, फिर भी इस सन्दर्भ में गलत जानकारी प्रसारित करते हुए आयोग की चयन प्रक्रिया को दूषित बताया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त चयन प्रक्रिया के सन्दर्भ में आयोग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में प्रस्तुत वाद से सम्बंधित आदेशों के अनुरूप आगामी कार्यवाही एवं प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

# राज्यसभा चुनाव : निर्दलीय ने भरा पर्चा, लक्ष्मी वर्मा का नामांकन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव होना है। 26 फरवरी को अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई थी। छत्तीसगढ़ राज्य से एक निर्दलीय प्रत्याशी कांटे सयाना ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

कांटे सयाना तेलंगाना के मेडचाल विधानसभा से निर्दलीय विधायक हैं। वे दम्माईगुडा, कीसारा, मेडचल मलकाजगिरी, हैदराबाद के निवासी हैं। उन्होंने 2 मार्च को अपना नामांकन नवा रायपुर स्थित नए विधानसभा में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल किया है। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित है। 4 मार्च को होली का अवकाश होने के कारण अब नामांकन 5 मार्च को दाखिल किया जाएगा। कांग्रेस और भाजपा के घोषित प्रत्याशी अंतिम दिन नामांकन दाखिल करेंगे। उससे पहले प्रस्तावक और समर्थक की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए अधिकृत प्रत्याशी को नियमों के तहत नामांकन पत्र में कम से कम 10 प्रस्तावक और 10 समर्थक के हस्ताक्षर आवश्यक होंगे। भाजपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा को घोषित कर दिया है।



### विधानसभा में दलीय स्थिति

छत्तीसगढ़ विधानसभा में कुल 90 सदस्य हैं। वर्तमान में भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का एक विधायक है। दो सीटों पर चुनाव होना है। राज्यसभा चुनाव के तय फार्मूले के अनुसार जीत के लिए किसी भी उम्मीदवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम 31 प्रथम वरीयता मतों की आवश्यकता होगी। संख्या बल को देखते हुए दोनों प्रमुख दल एक-एक सीट निकालने की स्थिति में दिखाई देते हैं।

### चुनाव का ऐसा होगा फॉर्मूला


नियम के अनुसार, रिक्त सीटों की संख्या में एक जोडक़र विधायकों की संख्या से विभाजन किया जाता है। आए नतीजों में फिर एक जोडक़र न्यूनतम वोटरों की संख्या तक की जाती है। इसे छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सदस्य के हिसाब से समझें तो 2 राज्यसभा सीट में 1 जोडऩे पर 3 संख्या प्राप्त होती है। अब विधायकों की कुल संख्या यानी 90 में 3 से भाग देने पर भागफल 30 आएगा। इसमें फिर 1 जोडऩे पर 31 होगा यानी प्रत्याशी को जीत के लिए कम से कम 31 विधायकों का समर्थन चाहिए।

### कांग्रेस वरिष्ठ चेहरे पर खेल सकती है दांव

कांग्रेस से संभावित उम्मीदवारों को लेकर गहन विचार-विमर्श जारी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश नेतृत्व से जुड़े कई वरिष्ठ चेहरे चर्चा में हैं। कांग्रेस संगठनात्मक अनुभव, आदिवासी नेतृत्व और क्षेत्रीय संतुलन जैसे पहलुओं को ध्यान में रखकर पार्टी निर्णय ले सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार प्रदेश नेतृत्व को प्राथमिकता देने की संभावना अधिक है। भाजपा परंपरागत रूप से राज्यसभा के लिए स्थानीय नेतृत्व को प्राथमिकता देती रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस बार भी छत्तीसगढ़ से ही किसी ऐसे चेहरे को आगे लाया जा सकता है, जिसकी जमीनी पहचान विशेष रूप से किसान या क्षेत्रीय मुद्दों से जुड़ी रही हो। बताया जा रहा है कि सरगुजा और बस्तर संभाग के सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

# अंडे का फंडा : गर्मी प्रारंभ होते ही खपत के साथ दाम भी घटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश में गर्मी प्रारंभ होते ही जहां अंडों की खपत कम हो गई है, वहीं दाम भी घटकर चिल्हर में सात रुपए हो गए हैं। ठंड के मौसम में प्रदेश में अंडों की रोज खपत में भी इजाफा हो गया था। प्रदेश के लोग रोज 60 लाख अंडे डकार रहे थे। अंडों की खपत में इजाफा होने के कारण इसके दाम पहली बार चिल्हर में साढ़े आठ रुपए पहुंच गए थे।

- प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का होता है उत्पादन

छत्तीसगढ़ की गिनती देश के अंडों का ज्यादा उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। अपने प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 45 से 50 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है। गर्मी के समय में जब खपत कम हो जाती है तब बहुत परेशानी होती है। उत्पादन तो रुक नहीं सकता है। ऐसे में अंडों को गोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ता है। अब गर्मी प्रारंभ होने के कारण खपत कम हो गई है। पहले ठंड के समय में रोज की जो खपत 60 लाख तक चली गई थी, वह अब 40 से 45 लाख हो गई है। आने वाले समय में खपत और कम होगी।

### अब दाम भी कम

अंडों की खपत कम होने के कारण इसके दाम भी कम होकर अब चिल्हर में सात रुपए हो गए हैं। वैसे बीते साल गर्मी में दाम साढ़े सात रुपए रहे हैं। इसके पहले बीते साल मानसून में अंडों के दाम चिल्हर में पांच रुपए थे, लेकिन मानसून के जाने के बाद ठंड के प्रारंभ में ही अंडों की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ और दाम बढ़ते-बढ़ते पहले आठ रुपए इसके बाद चिल्हर में साढ़े आठ रुपए तक चले गए थे।

### ठंड में खपत ज्यादा रही

प्रदेश में रोज अंडों का 80 लाख उत्पादन होता है। इसमें से 35 से 40 लाख अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है। ठंड के मौसम में अपने राज्य में ही रोज 60 लाख से ज्यादा की खपत हो रही थी। दूसरे राज्यों में 18 से 20 लाख अंडे ही जा पा रहे थे। अब अपने राज्य में खपत कम होने के कारण दूसरे राज्यों में ज्यादा अंडे जाने लगे हैं।

# निराश्रित पेंशनभोगी अब घर बैठे मोबाइल से कर सकेंगे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निराश्रित पेंशनधारियों के लिए एक राहत भरी खबर है। नगर निगम के शहरी गरीबी उपशमन विभाग ने उनके लिए एक बड़ी सुविधा शुरू की है। अब निराश्रित पेंशनभोगी अपना डिजिटल लाइफ लाइव सर्टिफिकेट सत्यापन घर बैठे अपने मोबाइल के जरिए कर सकेंगे। इससे उन्हें दफ्तर के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी। यह कदम बुजुर्गों और शारीरिक रूप से अक्षम पेंशनधारियों के लिए लाभकारी है, क्योंकि समय पर डीएलसी सत्यापन न होने से पेंशन अटकने का डर रहता था, अब ऐसा नहीं होगा और मोबाइल एप के जरिए ही घर बैठे यह प्रक्रिया पूरी होने से पेंशन का आहरण बिना किसी रुकावट के सुनिश्चित हो सकेगा। रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी निराश्रित पेंशनधारी घर बैठे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सत्यापन करा सकते हैं। नगर निगम ने इसके लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।

- नगर निगम ने जारी की गाइडलाइन

### इस तरह से करें घर बैठे सत्यापन

- सबसे पहले प्ले स्टोर से बेनिफिशरी वेरीफिकेशन एप डाउनलोड करना होगा।
- एप को ओपन कर अपना आधार नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज करें
- फेस स्केन एप-प्ले स्टोर में फेसआरडी एप डाउनलोड कर लाभार्थी अपना चेहरा स्कैन कर पंजीकरण पूरा करें।
- पुन : बेनिफिशरी एप खोलकर सेंट्रल गवर्नमेंट का विकल्प चुनें, फिर एनएसएपी पर जाकर आधार और ओटीपी के जरिए फेस स्कैन करना होगा।

हितग्राही को यदि इस कार्य में तकनीकी समस्या आती है तो वे नगर निगम मुख्यालय के कक्ष क्रमांक 103 में उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सुनीता चंद्राकर या उषा बघेल से संपर्क किया जा सकता है। यह सुविधा केवल एंड्रायड मोबाइल धारकों के लिए उपलब्ध कराई गई है। जिन हितग्राहियों को बेनफिशरी नॉट रजिस्टर्ड विथ स्कीम का मैसेज आएगा, उन्हें अभी डीएलसी सत्यापन की आवश्यकता नहीं है।

# तालाबों की सफाई मेनुवल की जगह मशीन से, नगर निगम ने किया ऑनलाइन टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम शहर के तालाबों की सफाई अब मेनुवल की जगह मशीन से कराएगा, ताकि कम समय और कम खर्च में तालाबों को जलकुंभी मुक्त किया जा सके।

इस कार्य के लिए नगर निगम ने एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया है। 1.50 करोड़ की लागत से नई मशीन खरीदी जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के इस प्रस्ताव पर महापौर मीनल चौबे की परिषद ने पहले ही मंजूरी दे रखी है। इसके बाद हाल ही में राज्य शासन ने मशीन क्रय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। होली त्योहार के बाद इसके लिए टेंडर खोला जाएगा।

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत 1.50 करोड़ की नई मशीन खरीदने प्रस्ताव मंजूर

राजधानी के तालाबों को जलकुंभी से मुक्त कराने नगर निगम पहली बार मशीन का सहारा लेगा। मिलेनियम प्लस सिटी के तहत रायपुर नगर निगम ने तालाबों की सफाई कार्य के लिए एक्वेटिक बीड हार्वेस्टर मशीन क्रय करने की



योजना बनाई है। नई मशीन खरीद कर शहर के तालाबों से जलकुंभी, प्लास्टिक की पन्नी, नारियल, कपड़ा सहित अन्य तरह के चीजों की सफाई कराएगा। अभी तक तालाबों की सफाई स्थानीय मछुआरों के माध्यम से ठेका देकर कराने की परिपाटी रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है तालाबों की मेनुवल सफाई कराने में ज्यादा समय और खर्च आता है, यहीं नहीं जलकुंभी की पूरी तरह सफाई नहीं हो पाती है। इस समस्या को ध्यान में रखकर मशीन से सफाई का सिस्टम अपनाया जाएगा। प्रदेश के दुर्ग नगर निगम ने इसे ट्रायल तौर पर अपनाया है , जिसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

### जलकुंभी से तालाब के पानी की क्वालिटी पर असर

जल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जलकुंभी की अधिकता से तालाबों के जल की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। इसलिए समय-समय तालाबों को जलकुंभी से मुक्त रखा जाना जरूरी है। पानी की क्वालिटी खराब होने का एक बड़ा कारण जलकुंभी को बताया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी के मुताबिक नई मशीन से जहां तालाबों में पटे जलकुंभी सहित जलीय वनस्पति की सफाई में आसानी होगी, वहीं नालों की सफाई इस मशीन से कराने में सहूलियत होगी।

### शासन से स्वीकृति ऑनलाइन टेंडर किया

शहर के तालाबों की मेनुवल तरीके से सफाई कराने की जगह अब मशीन से सफाई कराई जाएगी। मशीन क्रय करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था जिसकी मंजूरी मिल गई है। मशीन क्रय करने ऑनलाइन टेंडर किया है।

- **मीनल चौबे,** महापौर नगर निगम रायपुर

# चारामा और भानुप्रतापपुर में नई इकाइयों के गठन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्टीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने चैंबर संगठन का विस्तार करते हुए व्यापारिक हितों को मजबूती देने चारामा और भानुप्रतापपुर में नई इकाइयों के गठन की घोषणा की है।

उन्होंने इस मौके पर कहा कि संगठन की पहुंच को जमीनी स्तर पर बढ़ाने के उद्देश्य से नई चैंबर इकाइयों के गठन का निर्णय लिया गया है, इससे स्थानीय व्यापारियों को एक सशक्त मंत्र मिलेगा, जिससे उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण में आसानी होगी। सतीश थौरानी ने प्रदेश वासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह त्योहार सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आपसी सदभाव के नए रंग लेकर आए। चारामा और भानुप्रतापपुर में नई इकाईयों के गठन संबंधी निर्णय का चैंबर के पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए इसे व्यापारिक एकता की दिशा मे एक बड़ा कदम बताया है।

- प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने नई इकाइयों का किया गठन

### कांकेर में नए पदाधिकारियों ने ली शपथ



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की जिला इकाई कांकेर के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सिटी सेंटर कांकेर में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश भर से व्यापारी संगठन के प्रमुख दिग्गज और जन प्रतिनिधि की उपस्थिति रही। गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कांकेर इकाई के नए अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह बैस सहित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियो को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर नई टीम को बधाई देते हुए श्री थौरानी ने कहा नई ऊर्जावान टीम व्यापारी समाज की सेवा और समर्पण के लिए बेहतर कार्य करते हुए कीर्तिमान स्थापित करेगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### नगर निगम के ....

गया है। निगम मुख्यालय में पदस्थ प्रभारी उपायुक्त मोनेश्वर शर्मा को जोन 10 के आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जोन 10 के प्रभारी जोन आयुक्त विवेकानंद दुबे को नगर निगम मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। चूंकि श्री दुबे पहले भी राजस्व उपायुक्त थे, इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### फरवरी के बिजली ....

फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई, लेकिन सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया गया। इसके बाद दिसंबर में जो नवंबर का बिल आया, इसमें 12 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क का झटका लगा। नवंबर में अक्टूबर का 9.59 फीसदी और नवंबर का 2.41 फीसदी शुल्क दिसंबर के बिल में लिया गया।

### *जनवरी में 12.35 ....*

*और जनवरी का नया शुल्क 4.14 फीसदी भी लिया गया। ऐसे में इस माह भी डबल झटका लगा।*

### होली के दो दिन पूर्व ....

उनमें 39 कार, 73 मोटरसायकल, तीन ट्रक, 15 टाटा एस पिकप एवं ई-रिक्शा वाहन शामिल हैं।

**ग्रामीण पुलिस की अन्य कार्रवाई ऐसी रही**

- एक के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई
- 12 के खिलाफ आबकारी एक्ट
- 99 के खिलाफ कोटपा एक्ट
- 158 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई
- 06 के खिलाफ जुआ, सट्टा अधिनियम के तहत कार्रवाई






04



हाथों का रूखापन खत्म करने ...

## लाइव इवेंट

### युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति योजना 2026-27 के तहत प्रविष्टियां आमंत्रित




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ ने अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों एवं विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2026-27 की छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को कला के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप में पूर्ण दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक के माध्यम से 20 मार्च 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए तथा चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य है। आवेदक की आयु 15 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

#### वार्षिक आय 72 हजार से अधिक न हो

आवेदक अथवा उसके माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय 72,000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को नियमानुसार मासिक छात्रवृत्ति प्रोत्साहन राशि 5,000 रुपए से 10,000 रुपए तक प्रदान की जाएगी, जो डीबीटी/ई-पेमेंट के माध्यम से सीधे खाते में अंतरित होगी। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों/छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना 2026-27" अंकित करना अनिवार्य होगा। विलंब से प्राप्त अथवा अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट **www.cgculture.in** पर उपलब्ध है।

● रंगों से सेहत में भंग न पड़े, इसके लिए संबंधित विशेषज्ञों ने साझा किए हेल्थ टिप्स

# होली का रंग छुड़ाने और एलर्जी से बचने पहले से त्वचा और बालों को करें मॉइस्चराइज, मजा होगा दोगुना



**होली रंग-गुलाल से सराबोर होकर फाग गीतों पर नाचने-झूमने का त्योहार है। इस आनंद और मस्ती के पलों को सेलिब्रेट करने के साथ छोटी, मगर सेहत के लिए जरूरी बातों का ख्याल रखना भी बहुत जरूरी है। ऐसे में होली के रंग से सेहत में भंग न पड़े, इसके लिए शहर के त्वचा, नेत्र, हृदय और डाइट से संबधित विशेषज्ञों के हेल्थ टिप्स साझा कर रहे हैं। इन विशेषज्ञों के हेल्थ टिप्स से होली का बेफिक्र होकर आनंद उठा सकेंगे।**

*रायपुर। शहर के जाने माने त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय सिंह का कहना है कि होली में रंग-गुलाल खेलने से पहले त्वचा व बालों की सुरक्षा के लिए तेल, सनस्क्रीन से अच्छी तरह मॉइस्चराइज कर लें। इससे रंग त्वचा व बालों से आसानी से छूट जाएंगे। साथ ही गलती से अगर त्वचा नेचरल कलर की जगह केमिकल वाले रंगों के संपर्क में आ जाती है तो भी सुरक्षा हो जाएगी। इसके बावजूद होली खेलते समय अपने तरफ से कृत्रिम रंगों, दूषित पानी से बचें।*

### रंग खेलने के दौरान बार-बार चेहरा पानी से धोना या रगड़ना सही नहीं



त्वचा पर अच्छी मात्रा में नारियल तेल, बादाम तेल या एलोवेरा जेल लगाएं। इनसे त्वचा पर एक नेचुरल लेयर बन जाएगा। सनस्क्रीन लगाएं, क्योंकि धूप व रंग मिलकर त्वचा को अधिक नुकसान पहुंचा सकते हैं। रंग खेलने के दौरान बार-बार चेहरा पानी से धोना या रगड़ना सही नहीं। रंग धीरे से अपने आप सादे पानी से ही चला जाएगा।

### अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या एलर्जी से पीड़ित बरतें सतर्कता



हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मित श्रीवास्तव का कहना है कि हानिकारक कृत्रिम रसायनों से बने रंगों से सांस या फेफड़े के संक्रमण जैसी परेशानी हो सकती है, जो लोग पहले से ही अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या एलर्जी से पीड़ित हैं, उन्हें होली खेलते हुए विशेष रूप से सतर्क होने की आवश्यकता है। साथ ही, सब्जी व फलों के रंगों को गाढ़ा बनाने के लिए भी कृत्रिम रंगों का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में एलर्जी वाले व्यक्ति मास्क का प्रयोग करें, साथ ही अधिक देर तक ठंडे रंगयुक्त पानी में शरीर को भीगने से बचाएं।

### रंग जाने पर साफ और ठंडे पानी से आंख धोएं

नेत्र रोग विशेषशज्ञ डॉ. चारुदत्त कलमकर ने बताया कि होली खेलते समय साधारण चश्मा या सनग्लास लगा लें। इससे रंग और पानी सीधे आंखों में जाने से बचेंगे।आंखों में रंग जाने पर साफ और ठंडे पानी से आंख धोएं। यदि कॉन्टैक्ट लेंस पहना हो तो तुरंत निकाल दें। आंखों में गुलाब जल, दूध या कोई अन्य घरेलू चीज न डालें। इससे संक्रमण बढ़ सकता है। जरूरत पड़े तो केवल डॉक्टर द्वारा सलाह दिए गए आई ड्रॉप का उपयोग करें।

### स्वाद के साथ पाचन तंत्र का भी रखें ख्याल

डायटिशियन पूजा शर्मा का कहना है कि होली में स्वाद के साथ पाचन तंत्र का भी ख्याल रखें। बिस्किट, कुकीज, कोल्ड्रिंक्स, बच्चों की गोलियां, चाकलेट जैसे तमाम खाने-पीने की चीजों में कृत्रिम रंगों का खूब प्रयोग होता है। इन्हें सिंथेटिक फूड डाई भी कहा जाता है। इनके प्रयोग से बचना जरूरी है, अन्यथा पाचन या एलर्जी की समस्या हो सकती है। कब्ज, गैस या पेटदर्द भी हो सकता है, खासकर जिन्हें कृत्रिम रंगों के प्रति संवेदनशीलता अधिक होती है। दरअसल, कृत्रिम रंगों के अधिक प्रयोग से आंतों के बैक्टीरिया पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। यह पेट में सूजन का कारण भी बन सकता है।

# होली मिलन समारोह में सीएम साय ने कहा- छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया

**रायपुर।** राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में राजधानी के प्रबुद्ध नागरिक, भाजपा नेता-कार्यकर्ता और विभिन्न सामाजिकजनों ने होलिका उत्सव मनाया और होलिका दहन कर नकारात्मकता नष्ट करने और जीवन में सकारात्मकता की कामना की। इस दौरान होली मनाने यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुंचे और छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ नागरिकों को शुभकामना देते हुए कहा कि होली रंगों का त्योहार हैं। उत्साह उमंग और मस्ती का पर्व है, जिसे हम सभी सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाते हैं। हमारे यहां फागुन का अपना अलग महत्व हैं, फाग गीतों से धर्म, भाईचारे और एकजुटता का संदेश छत्तीसगढ़ देता है। छत्तीसगढ़ का गुजिया, अनरसा और देहरोली मिठास का रंग घोलते हैं। ठेठरी, खुरमी के बिना हम होली नहीं मनाते। इसका मतलब है हम सभी छत्तीसगढ़िया रंगों से फ़ाग गीत से और अपने स्वादिष्ट व्यंजनों से केवल मिठास ही नहीं घोलते बल्कि हर रंग में रंग कर उत्साह आनंद से कैसे जिया जाता हैं इसका संदेश हम छत्तीसगढ़ वाले देते हैं और इसीलिए कहा जाता हैं छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। सीएम साय ने छत्तीसगढ़ के किसानों को बधाई देते हुए कहा कि अन्नदाता ही हमारी पहचान हैं और अन्नदाताओं के कारण हमारे तीज त्योहार हैं। नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को जननेता बताते हुए कहा, कई वर्षों से ऐसे सामाजिक सांस्कृतिक आयोजन कर रहे हैं। यह बताता है कि जनता से संजय श्रीवास्तव का सीधा जुड़ाव है।

### नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के होली मिलन में शामिल हुए भाजपा नेता-कार्यकर्ता





#### ये हुए शामिल

नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि होली विभिन्न रंगों में हम सब को रंग कर एकजुटता के रंग में रंगने का पर्व है। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, भाजपा रायपुर जिला प्रभारी राजेंद्र शुक्ला, मोना सेन, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, उमेश घोरमोड़े, कांग्रेस प्रवक्ता अमित श्रीवास्तव, संजय कश्यप, अनूप खेलकर, सीमा साहू, संतोष साहू, राजेश गुप्ता, सुधीर चौबे, बबलू वर्मा, महेंद्र पंडित, सचिन सिंघल, विकास अग्रवाल, डोमेन वर्मा, गणेश निर्मलकर, प्रभात मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय सहित कार्यकर्ता सामाजिकजन और प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

### सदर बाजार में दिनभर रही होली की धूम देर रात तक बजते रहे ढोल-नगाड़े



### अष्टविनायक शांतिकुंज सिटी में रंगों से सजा होली मिलन

**रायपुर।** अष्टविनायक रियल्टीज द्वारा अपनी पूरी टीम के साथ अष्टविनायक शांतिकुंज सिटी में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 500 से अधिक सहयोगियों एवं टीम सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान रंग, गुलाल, संगीत और आपसी सौहार्द्र का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा परिसर रंगों से सराबोर नजर आया। उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रेम, भाईचारे और एकता के रंगों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। पारंपरिक गीत-संगीत और उत्साहपूर्ण माहौल ने सभी का मन मोह लिया। अष्टविनायक रियल्टीज परिवार के सीएमडी संतोष लोहाना ने इस अवसर पर सभी मेंबर्स एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी संबंधों को मजबूत बनाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी परिवार सदैव सकारात्मक ऊर्जा और एकजुटता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सिटी इवेंट

### छत्तीसगढ़ की विभूतियों की प्रेरक यात्रा फोटो प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र



**रायपुर।** महंत घासीदास संग्रहालय स्थित आर्ट गैलरी में आयोजित फोटो प्रदर्शनी के अंतिम दिन दर्शकों का भीड़ उमड़ी रही। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर संस्कृति एवं राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ की विभूतियां पद्म पुरस्कार प्राप्त महान व्यक्तित्वों की प्रेरक यात्रा फोटो प्रदर्शनी को दर्शकों का व्यापक सराहनीय प्रतिसाद प्राप्त हुआ। मंगलवार को प्रदर्शनी के अंतिम दिन कांकेर-बस्तर से पद्मश्री सम्मानित अजय कुमार मंडावी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इस सराहनीय प्रयास के लिए आयोजक दीपेंद्र दीवान को बधाई दी। यह प्रदर्शनी राज्य की उन विशिष्ट और प्रेरणास्पद विभूतियों को समर्पित है, जिन्हें राष्ट्र के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार से अलंकृत किया गया है। छत्तीसगढ़ की पुण्यभूमि ने साहित्य, कला, संगीत, नृत्य, लोक संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा एवं समाजसेवा जैसे विविध क्षेत्रों में अद्वितीय प्रतिभाओं को जन्म दिया है। इन महान व्यक्तित्वों ने अपने अथक परिश्रम, संघर्ष और समर्पण से न केवल व्यक्तिगत सफलता अर्जित की, बल्कि समाज के व्यापक हित, सांस्कृतिक संरक्षण एवं राष्ट्रीय गौरव की प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**आर्ट गैलरी में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी के अंतिम दिन दर्शकों की भीड़ उमड़ी**

#### गौरवगाथा को संजोने और पीढ़ियों तक पहुंचाने की पहल

संस्कृति संचालक विवेक आचार्य ने कहा कि रजत जयंती वर्ष में आयोजित यह प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ की गौरवगाथा को संजोने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पहल है। यह न केवल राज्य की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि उन आदर्शों और मूल्यों का अभिनंदन भी है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को प्रगति, प्रतिष्ठा और प्रेरणा के पथ पर अग्रसर किया है।

#### राष्ट्रसेवा की भावना का संचार

कार्यक्रम के आयोजक दीपेंद्र दीवान ने विभाग की ओर से ऐसे रचनात्मक प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सशक्त स्त्रोत सिद्ध होगी। महान विभूतियों की जीवनगाथाएं युवाओं में आत्मविश्वास, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा की भावना का संचार करेंगी।

### व्यापारियों और ग्राहकों में वोकल फॉर लोकल के भाव से बिक्री में आया बड़ा उछाल

# देशी रंग-गुलाल, पिचकारी और सामग्री की रिकार्ड बिक्री, होली का कारोबार 2 हजार करोड़ के पार

*इस बार होली के कारोबार में वोकल फॉर लोकल का भाव व्यापारियों और ग्राहकों में देखने को मिला। यही वजह रही कि देशी रंग, गुलाल, पिचकारी, फनी आइटम, खाने-पीने की सामग्री की बिक्री ने पिछले साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने बताया कि प्रदेशभर में इस बार होली का कारोबार लगभग 1800 करोड़ से 2 हजार करोड़ रुपए के पार तक पहुंच गया है। यह पहली बार है।*

**रायपुर।** पिछले साल की होली कारोबार के मुकाबले इस साल का कारोबार 25 प्रतिशत से अधिक हुआ है। इसका कारण इस बार देश-प्रदेश के बाजारों में होली के विदेशी आयटम्स की पूरी तरह से बहिष्कार और स्वदेशी वस्तुओं व कारोबारियों पर ग्राहकों का विश्वास रहा है। इस तरह कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आव्हान का व्यापक प्रभाव बाजारों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इस बार होली के अवसर पर भारतीय निर्मित हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंग, पिचकारियां, गुब्बारे, चंदन, पूजन सामग्री, परिधान तथा अन्य स्वदेशी उत्पादों की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है, जबकि वर्ष 2021 से पहले बाजारों में विदेशी सामान का वर्चस्व हुआ करता था, जो इस बार खत्म हुआ।





**इन वस्तुओं की हो रही भारी डिमांड :** व्यापारियों ने बताया कि होली से संबंधित वस्तुओं के अलावा मिठाइयों, ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट आइटम, फूल-फल, कपड़े, फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी उत्पादों एवं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की भी बाजारों में भारी मांग देखी जा रही है। होली खेलने के लिए सफेद टी-शर्ट, कुर्ता-पायजामा, सलवार-सूट तथा हैप्पी होली लिखी टी-शर्ट भी बड़ी संख्या में खरीदी जा रही हैं।

#### बाजार में खरीदारों की उमड़ रही भीड़

होली सामग्री के कारोबार से जुड़े थोक व्यपारियों ने बताया कि शहर के थोक और खुदरा बाजार रंगबिरंगे गुलाल, आकर्षक पिचकारियों, गुजिया की मालाओं और ड्राई फ्रूट पैक्स से सजे हुए हैं एवं दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। मिठाई की दुकानों पर भी विशेष रूप से होली की पारंपरिक मिठाई गुजिया की बिक्री में बड़ा उछाल आया है।

#### होली मिलन समारोह से भी बढ़ा व्यापार

व्यापारियों ने बताया कि प्रदेश में होली मिलन समारोह बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके चलते विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों द्वारा हजारों से अधिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके चलते बैंक्वेट हॉल, फार्महाउस, होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक पार्क में रंग-गुलाल, सजावट और खाने-पीने की देशी थीम पर सेलिब्रेशन से भी व्यापार का ग्राफ बढ़ा है।

## धर्म लाइव

### गर्मी में प्यास बुझाने 24 चौक-चौराहों पर प्याऊ घर, पक्षियों-जानवरों के लिए एक लाख सकोरे



रायपुर। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन चौक-चौराहों पर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए शहर में अभी तक प्याऊ घर की व्यवस्था नहीं की गई है। बदलते समय के साथ राजधानी में एक तरफ सार्वजनिक प्याऊ का चलन खत्म होते जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर इस बार सामाजिक संस्थाएं शहर में प्याऊ घर बनाने की तैयारी में जुट गई हैं। वर्तमान में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजारों में प्याऊ घर की व्यवस्था नहीं है। सामाजिक संस्था एकलव्य ने इस गर्मी आम आदमी के साथ-साथ पक्षियों और मवेशियों की प्यास बुझाने पेयजल की व्यवस्था करने का फैसला लिया है। अन्य संस्थाओं ने भी इस दिशा में तैयारी प्रारंभ कर ली है।

अप्रैल महीने से इसकी शुरुआत होगी। संस्था के प्रमुख प्रांजल तिवारी ने बताया कि 10 सालों से गर्मी में प्याऊ घरों का निशुल्क संचालन किया जा रहा है। पहले केवल बाजार के साथ दो से तीन जगहों पर व्यवस्था करते थे, लेकिन प्याऊ घर कम होने से अब इस बार 24 चौक-चौराहों पर व्यवस्था की जाएगी। साथ ही एक लाख सकोरे पक्षियों के लिए पेड़ों पर लगाएंगे और लोगों को बांटेंगे भी। गर्मी में पक्षियों और मवेशियों को पानी आसानी से मिले, यही हमारा लक्ष्य है। इस कार्य के लिए 8 अन्य संस्थाएं आपस में मिलकर काम करेंगी।

#### सदर बाजार में पानी संग छाछ की भी सुविधा

गर्मी में खरीदारी करने पहुंच रहे लोगों को जल्द पानी के साथ छाछ की भी निशुल्क सुविधा मिलेगी। व्यापारी आकाश गोलछा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी प्याऊ घर की व्यवस्था की जाएगी। 20 सालों से गर्मी में यह सिलसिला जारी है। इस बार समय-समय पर राहगीरों को शर्बत और छाछ भी दिया जाएगा। प्रयास रहेगा कि प्याऊ घर तीन से अधिक जगहों पर हों, ताकि जिस भी मार्ग से व्यक्ति बाजार में प्रवेश करे, उसे पानी की सुविधा मिले। अप्रैल से पहले यह सुविधा मिलने लगेगी।

#### दो हजार मटके का दिया आर्डर

सामाजिक संस्था प्रयास की ओर से शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस बार प्याऊ घर की व्यवस्था की जाएगी। संस्था के राजेश नायक ने बताया कि गर्मी को लेकर कुम्हारों को 2 हजार मटके तैयार करने का आर्डर दिया है। प्याऊ घर बनाकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार के साथ आउटर के इलाकों में मटके की व्यवस्था की जाएगी। उनका कहना है कि शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार प्याऊ घर स्थापित किए जाएंगे। संस्था द्वारा 5 साल से गर्मी में लोगों को पानी पिलाने की व्यवस्था की जा रही है।

## समाज इवेंट

### फूल तुम्हें भेजा है खत में, आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे



रायपुर। सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स और ऑफिसर्स एसोसिएशन इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में 115वें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को सेलिब्रेट करने प्रगति भवन सिविक सेंटर, भिलाई में सांगीतिक संध्या लता मंगेशकर नाईट का आयोजन किया गया। जिसमें फूल तुम्हें भेजा है खत में,,,,, आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे ,,,जैसे गीतों पर सभी गायिकाओं ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद पत्नी रजनी विजय बघेल थीं। विशिष्ट अतिथियों में ब्रह्मकुमारी आशा बहन, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमैन नरेंद्र कुमार बंछोर और डॉ. मीता डे उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन समिति के महेश कुमार विनोदिया, शिप्रा मंडल, माया बैनर्जी और रश्मि घाटे द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

#### इन गायिकाओं ने दी प्रस्तुति

आयोजन स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित एक संगीतमय कार्यक्रम किया गया था। जिसमें क्षेत्र की प्रतिष्ठित गायिका शिप्रा मंडल, रुपाली सखारे, अलका शर्मा, माया बैनर्जी, रीतू मिश्रा, तृप्ति साहू, मंजीता भारद्वाज, शाहीन खान, दीपा बोकाडे, रश्मि घाटे एवं नमिता गांगुली सहित अन्य महिलाओं ने लता के सुपरहिट एवं सदाबहार गीतों की भावपूर्ण एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। शाहीन खान द्वारा मेल व फीमेल दोनों स्वर में प्रस्तुत गायन ने दर्शकों की विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम का संचालन ज्योति धारकर द्वारा किया गया। सभी गायिकाओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुष्पगुच्छ और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज की प्रतिभाशाली महिलाओं में लेखन, समाजसेवा और पत्रकारिता से जुड़ी महिलाओं में शबा खान, संगीता मिश्रा, शाहीन खान का सम्मान किया गया।

#### गीतों के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

इस दौरान अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पहले आयोजित लता मंगेशकर नाईट महिला सशक्तिकरण की भावना को समर्पित एक प्रेरणादायी एवं गरिमामय पहल है। यह आयोजन समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के समान अधिकार, न्याय एवं सशक्त भागीदारी के समर्थन का प्रतीक बना है। स्वर कोकिला लता के अमर गीतों की प्रस्तुति उनके प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने का सशक्त माध्यम रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स समूह के डायरेक्टर महेश कुमार विनोदिया, शिप्रा मंडल, गिरीश चतुर्वेदी, शांताराम वानखेड़े, माया बैनर्जी एवं संपूर्ण टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर परविन्दर सिंह, दीपेंद्र हलधर, राजेश धारकर, जगजीत सिंह भाटिया, परन राज भाटिया, जयंत भोंसले, बी.आर. वर्मा, जानकी प्रसाद, प्रकाश बेहरा, शांताराम वानखेड़े, गिरीश चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में मेंबरशिप लेने जुट रही तैराकों की भीड़

# गर्मी के साथ स्वीमिंग पूल में बढ़ी रौनक, फिट रहने बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक कर रहे तैराकी

गर्मी का मौसम शुरू होते ही एक बार फिर से स्वीमिंग पूल में रौनक लौटनी शुरू हो गई है। मार्च में तापमान बढ़ने के बाद सुबह और शाम अलग-अलग शिफ्ट में लोग तैराकी करने पहुंचने लगे हैं। स्वीमिंग पूल में तैराकी करना हर आयुवर्ग के लोगों को भा रहा है।





रायपुर। 6 साल से लेकर 60 साल तक उम्र के लोग तैराकी के लिए पूल पहुंच रहे हैं। इसमें महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में मेंबरशिप लेने इन दिनों स्वीमिंग के शौकीनों की भीड़ जुटनी शुरू हो चुकी है। बच्चों को तैरना सिखाने के लिए नए उपकरण भी आए हुए हैं। वर्तमान में युवा, बच्चों और महिलाओं के लिए सुबह-शाम अलग-अलग शिफ्ट लगाई जा रही है। शाम के वक्त बच्चों की भीड़ पूल में बढ़ जाती है तो वहीं सुबह के वक्त बड़ी संख्या में युवा पहुंचते हैं। गर्मी के लिए पूल विशेष रूप से तैयार किया जा चुका है। सभी वर्ग के लिए पूल को रस्सी की मदद से बांट दिया गया है। सुरक्षा दृष्टि से लाइफ जैकेट और ट्रेनर पूरे समय पूल में नहाने वालों की निगरानी करते हैं।

#### बच्चे लगा रहे रेस

स्वीमिंग पूल में शाम के पांच से छह बजे के बीच बच्चों का बैच लगता है, जिसमें 5 से 15 वर्ष के बच्चे अपने स्वजनों के साथ पहुंच रहे हैं। स्वीमिंग सूट में बच्चे अपने दोस्तों के साथ ठंडे पानी में मस्ती करते नजर आते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए भी खास तरह की व्यवस्थाएं प्रबंधन द्वारा की गई हैं।



#### सप्ताहांत में अधिक भीड़

अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में शनिवार और रविवार को नहाने वाले युवाओं की भीड़ बढ़ जाती है। स्वीमिंग पूल के प्रबंधक पुष्पकांत चंद्राकर ने बताया, गर्मी बढ़ने के बाद सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ देखने को मिल रही है। अभी तक 500 से अधिक लोग मेंबरशिप ले चुके हैं। छुट्टी के दिन बिना मेंबरशिप वालों की संख्या बढ़ जाती है। इन दिनों सभी शिफ्ट में बच्चे से लेकर युवा और उम्रदराज सभी तैराकी सीखने और गर्मी से राहत पाने के लिए स्वीमिंग पूल में डुबकी लगाते नजर आ रहे हैं।

#### चारों तरफ लगाई लोहे की रेलिंग

पूल में जो तैरना सीख रहे हैं या जिनको तैरना नहीं आता, उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। स्वीमिंग पूल के चारों तरफ लोहे की रेलिंग लगाई गई है, ताकि जिन्हें तैरना नहीं आता, वे रेलिंग के सहारे तैरना सीख सकें। प्रशिक्षण के लिए महिला और पुरुष प्रशिक्षक हैं। इसके साथ एक आब्जर्वर भी किनारे पर मौजूद रहते हैं, जो निगरानी करते हैं कि कोई डूब तो नहीं रहा।

# चैत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरों में होगा अनुष्ठान, तैयारी शुरू

रायपुर। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होने वाली है। शहर के देवी मंदिरों में 9 दिनों तक नवदुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होगी। नौ दिनों तक देवी को अलग-अलग तरह के पकवानों का भोग लगाए जाएंगे। पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर, दंतेश्वरी, बंजारी धाम समेत कालीमाता मंदिर में भक्तों की मनोकामना ज्योति भी प्रज्वलित होगी। इसे लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

पंचांग के अनुसार इस वर्ष चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 19 मार्च की सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी। फिर 20 मार्च सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर इसकी समाप्ति हो जाएगी. इसलिए चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च होगा। इसके बाद 27 मार्च को रामनवमी के साथ चैत्र नवरात्रि की समाप्ति हो जाएगी। बता दें कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि तिथि से आरंभ होने वाली चैत्र नवरात्रि काफी खास मानी जाती है। इसके साथ ही इस दिन से हिंदू कैलेंडर के मुताबिक नया साल भी आरंभ होता है। चैत्र नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने का विधान है।




#### यह घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर घटस्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त होने वाले हैं, जिसके तहत पहला शुभ मुहूर्त 19 मार्च की सुबह 6.52 बजे से लेकर सुबह 7.43 बजे तक। वहीं आप दोपहर को अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना कर सकते हैं। यह अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.05 बजे से लेकर दोपहर 12.53 बजे तक के लिए होगा।

# ट्रेड टॉक में बिजनेस नेटवर्किंग, रेफरेंस और व्यापार आगे बढ़ाने हुई सार्थक चर्चा




रायपुर। जेसीआई के तत्वावधान में ट्रेड टॉक धंधे की बात कार्यक्रम का आयोजन होप एनर्जी कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जेसी संतोष रानू कुमार ने कहा कि जेसीआई केवल लीडरशिप डेवलपमेंट तक सीमित नहीं, बल्कि सदस्यों के व्यवसायिक विकास, आपसी नेटवर्किंग और व्यापारिक विस्तार के लिए एक प्रभावी मंच है। इस अवसर पर मंच पर उनके साथ सचिव जेसी तोरण स्वाति अटल तथा पास्ट प्रेसिडेंट जेसी रजनीश मंजू जेसवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेसी सुषांत चौबे ने सोलर एनर्जी एवं सोलर प्लांट्स के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं, सोलर इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया एवं उससे जुड़े बिजनेस मॉडल पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया। साथ ही अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने व्यवसायों की जानकारी साझा करते हुए आपसी बिजनेस नेटवर्किंग, बिजनेस रेफरेंस और व्यापार को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए, इस विषय पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम में लेडीज विंग की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। लेडीज चेयरपर्सन लेडी जेसी रानू कुमार एवं जॉइंट सेक्रेटरी लेडी जेसी गुंजा पिंचा सहित सदस्य स्वाती सोमवंशी एवं विमी राजपूत ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम इंचार्ज हिमांशु देवांगन, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अतुल जैन, वीपी इंचार्ज अर्पित चांडक, डायरेक्टर इंचार्ज कैलाश साहू, करण तिवारी एवं अंशुल रामारिया तथा प्रोग्राम डायरेक्टर ट्रेमन साहू की सक्रिय भूमिका रही। जनसंपर्क अधिकारी ट्विंकल खेमुका पारख ने जानकारी देते हुए कहा कि ट्रेड टॉक जैसे कार्यक्रम संगठन के सदस्यों को अपने व्यवसाय को नई दिशा देने, आपसी सहयोग बढ़ाने और मजबूत बिजनेस कनेक्शन स्थापित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

## गर्मी में श्वान को बीमारियों से बचाने लोग पशु चिकित्सकों की ले रहे मदद

# गर्मी से पेट्स को राहत देने करा रहे स्पेशल हेयर कटिंग, तापमान सामान्य बनाए रखने एसी में 26 डिग्री तक रखने की सलाह

कार्नर न्यूज

रायपुर। गर्मी का असर जितना इंसानों पर होता है, उससे अधिक जानवरों पर भी होता है। इस वजह से बारिश और ठंड की तुलना में गर्मी के समय पेट्स को देखरेख की जरूरत अधिक पड़ती है। गर्मी में अपने श्वान को स्वस्थ रखने के लिए इन दिनों लोग शहर के पशु चिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। डॉ. एस. जैन ने बताया कि गर्मी में श्वान और कैट में हीट स्ट्रोक की समस्या बढ़ जाती है। दोनों के शरीर का सामान्य तापमान 101 से 105 डिग्री तक होता है। अधिक गर्मी में यह तापमान 120 डिग्री तक पहुंच जाने से हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखने लगते हैं। बुलडॉग, बोस्टन टेरियर, हस्की और जर्मन शेफर्ड, लेब्राडोर के तापमान को सामान्य बनाए रखने के लिए एसी में 26 से 24 डिग्री में रखा जा सकता है। अगर एसी नहीं है तो घर में कूलर का उपयोग किया जा सकता है। श्वान के लिए घर के भीतर का तापमान 25 से 28 डिग्री के बीच होना ही चाहिए। अधिक गर्मी से श्वान में भी चिडचिड़ापन देखने को मिलता है। बड़े डॉग लोगों पर हमला भी कर देते हैं।



#### हर दिन तापमान की करें जांच

गर्मी के मौसम में पेट्स को हीट स्ट्रोक का खतरा अधिक होता है, इसलिए डॉक्टर रोज पेट्स का तापमान जांचने की सलाह दे रहे हैं। इसके अलावा भारी हांफना, चमकती आंखें, दिल की तेज धड़कन, सांस लेने में कठिनाई, अत्यधिक प्यास, सुस्ती, बुखार, चक्कर आना यह सभी हीट स्ट्रोक के लक्षण हैं। डॉक्टर्स का कहना है कि तापमान को सामान्य करने के लिए गीले, ठंडे तौलिए का प्रयोग किया जा सकता है।

#### गार्डन में बना रहे पेट्स हाउस

शहर के कई लोगों ने गार्डन में पेट्स हाउस बनाया हुआ है, जिसमें बुलडॉग और जर्मन शेफर्ड को रखा जा रहा है। घास में यह हाउस तैयार किया जाता है, ताकि यहां आराम करने पर पेट्स को ठंडक का एहसास हो। इसके अलावा अब लोग सुबह 6 बजे पेट्स को टहलाने लगे हैं, वहीं शाम को समय बदल दिया है। ज्यादातर लोग अब रात को 9 बजे के बाद अपने पेट्स को बाहर टहलाने लेकर जा रहे हैं। शाम के वक्त भी पेट्स के पंजे जलने का खतरा हो सकता है।



#### गर्मी में कम हो जाती है खुराक


गर्मी के मौसम में पालतू कुत्तों और बिल्लियों के तापमान को सामान्य बनाए रखने के लिए अब लोग उनके बाल छोटे करा रहे हैं, ताकि गर्मी कम लगे। पशु चिकित्सक भी जर्मन शेफर्ड, हस्की समेत साइबेरिया कैट्स के बाल छोटे कराने की सलाह दे रहे हैं। शहर के प्राइवेट पशु चिकित्सालयों में बाल कटाने के लिए इन दिनों बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। पेट्स शॉप के राजेश त्रिपाठी ने बताया, गर्मियों में डॉग सामान्य दिनों की अपेक्षा कम खाता है, इसलिए बाजार में प्रोटीन डाइट उपलब्ध हैं, जो गर्मी में संतुलित आहार के रूप में काम करते हैं।

#### पेट्स को नहलाने पैडलिंग पूल

पशु चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के मौसम में पेट्स को रोजाना नहलाया जा सकता है, लेकिन प्रतिदिन शैंपू के उपयोग से बचना चाहिए। बाजार में पेट्स के शरीर को ठंडा रखने के लिए पैडलिंग पूल खरीद रहे हैं। इसका आमतौर पर उपयोग बच्चों को नहलाने के लिए किया जाता है, लेकिन गर्मी में ज्यादातर पेट्स ठंडे पानी में रहना पसंद करते हैं। इस वजह से लोग अब 1200 से 2 हजार तक पैडलिंग पूल खरीद रहे हैं। छोटे व बड़े पेट्स के लिए बाजार में पैडलिंग पूल उपलब्ध हैं।

हेल्थ टिप्स

## डाइजेशन खराब तो दिल को भी खतरा, वक्त रहते हो जाएं सतर्क



आंतों की सेहत और हृदय रोग के खतरे के बीच संबंध को लेकर कई शोध सामने आए हैं। खासतौर पर ट्राइमिथाइलअमीन एन-ऑक्साइड नामक कंपाउंड पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। इससे आपके दिल के लिए समस्याएं बढ़ सकती हैं।

एक बड़ी पुरानी कहावत है- 'पाचन ठीक तो पूरा शरीर ठीक'। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का पाचन से सीधा और गहरा संबंध होता है। कई रिपोर्ट्स में पहले ये दावा किया जा चुका है कि जिन लोगों का गट हेल्थ ठीक नहीं रहता है, उनमें मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे स्ट्रेस से लेकर डिप्रेशन तक का खतरा बढ़ जाता है। गट हेल्थ की समस्याओं और पाचन में गड़बड़ी के दुष्प्रभाव इससे भी कहीं ज्यादा हो सकते हैं। गट हेल्थ की समस्याएं हार्ट अटैक जैसी जानलेवा स्थितियों तक का कारण बन सकती हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन स्वास्थ्य और हेल्दी गट की अहमियत को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। हमें दिख भले न रहा हो, पर शरीर के भीतर कई चीजें लगातार चलती रहती हैं, जिनका सेहत पर सीधा असर होता है। विशेषज्ञों की टीम ने अलर्ट किया है कि अपने दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो सिर्फ बीपी-कोलेस्ट्रॉल पर ही ध्यान देते रहना काफी नहीं है, इसके लिए गट हेल्थ को ठीक रखने के लिए भी निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी हो जाता है।

### गट और हार्ट हेल्थ का कनेक्शन



जब बात गट हेल्थ और इसके कार्यों की आती है तो सबसे पहले हमारे दिमाग में भोजन के ठीक से पाचन, पोषक तत्वों के सही तरीके से अवशोषण, ब्लड शुगर कंट्रोल जैसे कामकाज ही नजर आते हैं। हालांकि गट का ठीक से काम करते रहना कई अन्य मामलों में भी जरूरी है, विशेषकर हृदय को स्वस्थ रखने में। अध्ययनों में गट-हार्ट हेल्थ के बीच गहरा कनेक्शन बताया गया है। जब गट माइक्रोबायोम या गुड बैक्टीरिया में असंतुलन होता है, तो इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आपकी पाचन गड़बड़ होने लगता है, मूड खराब रहता है, चिड़चिड़ापन और नींद गड़बड़ हो सकती है। इन सबके साथ आपके दिल की सेहत भी प्रभावित होने लग जाती है। अगर गट यानी आंतों से संबंधित समस्याएं लंबे समय तक बनी रहती हैं तो इसके कारण हार्ट अटैक तक का खतरा बढ़ सकता है।

### डाइजेशन का दिल पर कैसे होता है असर?

गट और हार्ट हेल्थ के संबंधों को कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आलोक चोपड़ा ने बड़े आसान तरीके से समझाया है। डॉ. चोपड़ा कहते हैं, ये सुनने में थोड़ा अजीब जरूर लग सकता है पर कई अध्ययनों से पता चला है कि हमारे पाचन तंत्र का हार्ट से बेहद गहरा संबंध हो सकता है, जिसके बारे में आमतौर पर हम सभी सोचते भी नहीं हैं। हमारा गट करोड़ों बैक्टीरिया, वायरस और फंगी का घर होता है।

ये संतुलन में रहते हैं तो डाइजेशन में मदद करते हैं, पोषक तत्वों के अवशोषण को ठीक रखते हैं, मेटाबॉलिज्म को रेगुलेट करते हैं, इम्युनिटी बूस्ट करते हैं और इन्फ्लेमेशन कम करते हैं। हालांकि अध्ययनों से पता चलता कि अगर आपको पाचन से संबंधित कोई समस्या है जिसके कारण गट लाइनिंग में कोई दिक्कत होती है तो खतरनाक बैक्टीरिया और टॉक्सिन लीक करके हमारे खून में पहुंच सकते हैं और इंफ्लेमेशन बढ़ा सकते हैं।

### ट्राइमेथिलमाइन एन-ऑक्साइड का क्या रोल है?



डॉ चोपड़ा कहते हैं, शरीर में इंफ्लेमेशन बढ़ने की वजह से प्लाक बढ़ने और आर्टरी ब्लॉक होने का खतरा बढ़ जाता है, जो हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ाने वाले हो सकते हैं। अध्ययनों से ये भी पता चलता है कि गट बैक्टीरिया की वजह से उत्पन्न होने वाले ट्राइमेथिलमाइन एन-ऑक्साइड का भी हृदय की सेहत से कनेक्शन हो सकता है। जिन लोगों में टीएमएओ का स्तर बढ़ा हुआ रहता है उनमें भी दिल से संबंधित समस्याओं का जोखिम काफी अधिक हो सकता है। यहां तक कि जिनका कोलेस्ट्रॉल या ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है, ये उन लोगों में भी हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। इसके अलावा, खराब पाचन का मेटाबॉलिज्म पर भी बुरा असर पड़ता है, जिससे मोटापा और डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं।

अपनी सक्रियता बढ़ाइए तो रहेंगे फुर्तीले

# कुछ भी खाने के बाद नींद और आलस की लग गई है आदत, इन्हें दूर करने अपनाएं कुछ सरल उपाय

शायद ही किसी का यह जवाब हो कि मुझे सोना अच्छा नहीं लगता। हां, यह हो सकता है किसी को सुबह देर तक सोना पसंद हो, किसी को दोपहर में तो किसी को रात में जल्दी..!8 घंटे से ज्यादा सोने / नींद लेने के कई फायदे होते हैं। लेकिन ये सिर्फ रात में डीप स्लीप लेने पर ही होते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद जरूरी है। यदि किसी को नींद आने में परेशानी होती है तो कुछ एक्सरसाइज से यह परेशानी दूर की जा सकती है। अनिद्रा /इंसोम्निया की समस्या को योगासन एवं घरेलू उपायों से दूर किया जा सकता है। ऑफिस जॉब करने वाले अधिकतर लोगों को दोपहर का भोजन करने के बाद आलस आने लगता है। खाने के बाद नींद आना डाइजेशन प्रोसेस के दौरान केमिकल रासायनिक चेंज के लिए शरीर की प्रक्रिया है। यह सामान्य प्रक्रिया है और हर किसी के साथ ऐसा होता है। लेकिन यदि आपको हर बार खाने के बाद नींद आती है तो चिंता का विषय हो सकता है। जिसे नींद आती है, उसका काम में मन नहीं लगेगा और डेली रूटीन भी प्रभावित हो सकता है। आपको खाने के बाद आलस आने का कारण और उसे दूर करने के उपाय जानना जरूरी।



### डाइजेशन साइकिल

बॉडी को काम करने के लिए एनर्जी की जरूरत होती है और यह फूड से मिलती है। जब आप कुछ खाते हैं तो यह डाइजेस्टिव सिस्टम में पहुंचते ही ग्लूकोज यानी एनर्जी में ब्रेक हो जाता है। साथ ही मैक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन शरीर को कैलोरी यानी एनर्जी देता है।



ऐसे में फूड को एनर्जी में कन्वर्ट करने के लिए डाइजेस्टिव सिस्टम विभिन्न रिस्पांसेज को ट्रिगर करता है। इस प्रोसेस में पेट भरा हुआ महसूस कराने वाले हार्मोन जैसे, कोलेलिस्टोकिनिन , ग्लूकाजन और एमाइलिन रिलीज होते हैं। ये हार्मोन माइंड में झपकी के सिग्नल पैदा करते हैं और आलस या नींद का कारण बनते हैं।

### आपकी डाइट

फूड डाइजेस्ट होने का तरीका एक ही होता है लेकिन कुछ फूड बॉडी को समान रूप से इफेक्ट नहीं करते। कुछ फूड नॉर्मल से अधिक नींद दिलाते हैं। इनमें पालक,सोया,अंडे, पनीर,टोफू और मछली शामिल हैं। सेरोटोनिनबनाने के लिए बॉडी ट्रिप्टोफैन का यूज करती है। सेरोटोनिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जो नींद को रेग्युलेट करने में हेल्प करता है। इसका लेवल बढ़ने पर निश्चित ही आपको नींद आएगी। यानी जिन फूड में ट्रिप्टोफैन अधिक होगा वो सेरोटोनिन बढ़ाएंगे, जिससे नींद अधिक आएगी। ट्रिप्टोफैन अमीनो एसिड हाई प्रोटीन वाले फूड्स में पाया जाता है। इसलिए दिन में अधिक प्रोटीन या ट्रिप्टोफैन में हाई फूड्स नींद आने का कारण बन सकते हैं।

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज के अनुसार, एक वयस्क के लिए प्रतिदिन ट्रिप्टोफैन की मात्रा 5 मिलीग्राम/1 किलोग्राम बॉडी वेट रखी गई है।

### अधूरी नींद

जाहिर तौर पर हर किसी को 7-8 घंटे की गहरी नींद की जरूरत होती है। यदि रात में नींद पूरी नहीं होती तो सुबह नाश्ता करने या लंच करने के बाद आपको नींद जरूर आएगी। मायो क्लीनिक की रिपोर्ट के मुताबिक नींद रेग्यूलेट करने, स्ट्रेस दूर करने के लिए एक्सरसाइज जरूरी मानी गई है। यदि आप रात में लेट सोते हैं और सुबह जल्दी उठते हैं तो यह भी दिन में नींद आने का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद लें।

### फिजिकल एक्टिविटी

रात में बेहतर नींद लेने में मदद करने के साथ ही एक्सरसाइज दिन में एनर्जेटिक और अलर्ट रखने में भी मदद करती है। कई स्टडीज में पाया गया है कि रेग्युलर एक्सरसाइज से एनर्जी बढ़ाने और थकान को कम करने में मदद मिलती है।



## छोटे-छोटे कुकिंग टिप्स आपके काम को बनाएंगे आसान, मिलेंगे राहत के पल



ऐसा कई बार होता है कि हमें घर से निकलने की जल्दी होती है और जल्दी-जल्दी में क्या बनाएं, यह भी समझ नहीं आता है। कुछ नए ट्रिक्स आप के लिए सहायक हो सकते हैं।

### 2 मिनट में झाग वाली कॉफी

गर्म कॉफी पीनी हो या फिर कोल्ड कॉफी, मजा तो फ्रॉथी कॉफी में ही आता है। मगर रोज-रोज कैफे में जाकर 150-200 रुपये खर्च करना कहां की समझदारी है? अब अगर किचन में ब्लेंडर या फ्रॉथर न हो, तो भी आप अच्छी कॉफी बना सकते हैं।

#### क्या करें-

एक कांच की बोतल में इंस्टेंट कॉफी मिक्स, चीनी और थोड़ा-सा पानी डालकर अच्छी तरह से शेक करें। ध्यान रखें कि चीनी अच्छी तरह से घुल जाए। दूसरी ओर, दूध को एक बार उबालकर रख लें। अब एक कप में एक बड़ा चम्मच कॉफी और ऊपर से गर्मागर्म दूध डालकर मिला लें। आपकी कैफे वाली कॉफी तैयार है।

### इस ट्रिक से तवे में नहीं चिपकेगी रोटी

कई बार जब तवा बहुत ज्यादा गर्म होता है, तो आटा उसमें चिपक जाता है। इसके कारण रोटी बीच से फट जाती है और फिर फूलती भी नहीं। रोटी अच्छी और फूली हुई बने इसके लिए यह ट्रिक जरूर आजमाएं।

#### क्या करें-

तवा जब बहुत ज्यादा गर्म हो जाए, तो उसकी आंच को एकदम धीमा कर दें। अब एक स्प्रे बोतल में एक चौथाई पानी और दो से तीन बड़े चम्मच तेल मिलाकर शेक कर लें। गर्म तवे पर इसे स्प्रे करें और टिश्यू पेपर से साफ कर लें। इसमें बेली हुई रोटी फैलाएं और पका लें। आपकी रोटी बिना चिपके अच्छी तरह फूलेगी।

### खिले-खिले चावल बनाने के ट्रिक्स

प्रेशर कुकर में चावल कई बार गीले हो जाते हैं। कई बार इकट्ठे हो जाते हैं और कई बार नीचे लग जाते हैं। चावल को खिला-खिला कैसे बनाना है, यह ट्रिक अगर आपको पता लग जाए, तो खाना खाने का मजा भी दोगुना हो जाएगा।

#### क्या करें-

पहले चावल को अच्छी तरह से धोकर भिगोकर रख लें। इसके बाद, प्रेशर कुकर में 1 बड़ा चम्मच तेल डालकर फैला लें। इसमें चावल और पानी डालने के बाद एक छोटा चम्मच घी डालकर सीटी लगा लें। इस तरह से आपका चावल एकदम खिला-खिला बनेगा।



## होली पर घर के मुख्य द्वार में किस पत्ते का तोरण लगाएं, जानिए

होली के दिन तोरण लगाने का विशेष महत्व है। तोरण को विजय का प्रतीक माना जाता है। होली के दिन तोरण लगाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। पीपल के पत्ते को पवित्र और शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसे घर के मुख्य द्वार पर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

मान्यता है कि पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से घर में देवी-देवताओं का वास होता है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह भी माना जाता है कि पीपल के पत्ते नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं और घर को बुरी नजर से बचाते हैं। आपको बता दें, मान्यता है कि घर के मुख्य द्वार पर पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से घर की वास्तु दोष भी ठीक हो जाती है। इतना ही नहीं, घर के मुख्य द्वार पर पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से माता लक्ष्मी का आगमन होता है। और घर में सुख-शांति का भी आगमन होता है। पान के पत्ते को भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी का प्रिय माना जाता है। तोरण लगाने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। पान के पत्ते में भगवान शिव का वास माना जाता है। इतना ही नहीं, पान के पत्ते में मां सरस्वती का वास माना जाता है। होली पर घर के मुख्य द्वार पर आम के पत्तों या अशोक के पत्तों का तोरण लगाना सबसे शुभ और मांगलिक माना जाता है।

**होली के लिए तोरण टिप्स :** तोरण के लिए 5, 7, 11 या 21 ताजे आम/अशोक के पत्ते का प्रयोग करें। पत्तों पर पीले या लाल चंदन से "शुभ-लाभ" लिखना अत्यंत शुभ माना जाता है।



## साइकिलिंग करते समय याद रखें ये टिप्स, मिलेंगे अधिक फायदे

साइकिल चलाने के कई फायदे होते हैं। जैसे, हार्ट हेल्थ बेहतर रहती है, वेट कंट्रोल रहता है, टाइप 2 डाइबिटीज कंट्रोल रहती है, मसल्स मजबूत होते हैं, लोअर बॉडी टोन होती है और गठिया रोग कम होता है। पिछले कुछ समय में साइकिल के मार्केट में काफी बढ़त हुई है। इस कारण लोग महंगी से महंगी साइकिल खरीद रहे हैं। लेकिन महंगी साइकिल की अपेक्षा जरूरत है, गोल के मुताबिक सही साइकिल खरीदने की।

### आपका लक्ष्य



साइकिलिंग करने से पहले सबसे पहले जो डिसाइड करना है, वो है गोल यानी लक्ष्य। गोल डिसाइड करने से फोकस्ड और एनर्जेटिक रहने में मदद मिलेगी। लेकिन ध्यान रखें, शुरुआत में छोटे गोल ही रखें। ऐसा नहीं होना चाहिए, कि पहले ही दिन आप खुद को 10 किलोमीटर साइकिलिंग का टारगेट दे दें। जो कि काफी मुश्किल होगा। ऐसा करने से आप डिमोटिवेट हो जाएंगे। बल्कि रोजाना थोड़ी-थोड़ी दूरी बढ़ाते हुए बड़े गोल तक पहुंचें। विशेषज्ञों का सुझाव है कि बार-बार छोटे ट्रेनिंग सेशन करना, लंबे सेशन की तुलना में अधिक प्रभावी होते हैं।

### समय


18 से 64 साल के वयस्कों को फिट रहने के लिए हर हफ्ते मीडियम इंटेंसिटी से 2 से 2.5 घंटे एक्सरसाइज करनी चाहिए। लेकिन अगर आप साइकिलिंग कर रहे हैं तो रोजाना कम से कम 30 से 45 मिनट जरूर करनी चाहिए। अगर आपका लक्ष्य फिट रहना है तो हर हफ्ते तीन बार साइकिलिंग जरूर करें। समय के साथ साइकिलिंग की दूरी और साइकिलिंग के समय को भी कम या ज्यादा किया जा सकता है।

### अपनी ताकत बचाएं

जब साइकिलिंग की शुरुआत करते हैं, तो पहले कुछ समय तक पैरों में सोरनेस नहीं रहती। लेकिन जैसे-जैसे दूरी बढ़ती जाती है तो पैरों में भारीपन आने लगता है। इसलिए अधिक ऊंचे रास्ते, ऊबड़-खाबड़ रास्ते और पहाड़ी एरिया में साइकिलिंग की अपेक्षा सीधी रोड पर साइकिलिंग करें। इससे आप जल्दी नहीं थकेंगे और स्ट्रेंथ बनाए रखकर लंबी दूरी तय कर पाएंगे।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एआई का हमला, चीन के वीडियो मॉडल ने हॉलीवुड की उड़ाई नींद



वो हॉलीवुड जिसके इंटेंस एक्शन सीक्वेंस को टक्कर देने के लिए मेकर्स करोड़ों रुपये खर्च करते थे और कुछ को रीक्रिएट करने में प्रोड्यूसर्स के पसीने छूट जाते हैं... अब वो सीन्स एआई के जरिए मिनटों में बनाए जा सकते हैं।

जी हां, एक नए एआई वीडियो मॉडल के आने से माना जा रहा है कि यह हॉलीवुड के लिए खतरा बन सकता है। कुछ लोग तो इसे 'हॉलीवुड किलर' बता रहे हैं। यह एआई वीडियो मॉडल चीन से आया है। बाइट डांस का लेटेस्ट जेनरेटिव एआई मॉडल सीडेंस 2.0 यूजर्स को सिनेमैटिक शॉट्स के साथ बहुत रियलिस्टिक वीडियो बनाने में मदद कर रहा है। यह एआई मॉडल 10 फरवरी को लॉन्च हो चुका है, लेकिन इसने चंद दिनों के अंदर हॉलीवुड के होश उड़ा दिए हैं।

सीडेंस 2.0 के कुछ सैम्पल्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिसे देख लोग कह रहे हैं कि हॉलीवुड अब मुसीबत में पड़ गया है। यह नया मॉडल यूजर्स को टेक्स्ट प्रॉम्प्ट, इमेज, वीडियो रेफरेंस और यहां तक कि ऑडियो इनपुट के मिक्स का इस्तेमाल करके, आमतौर पर 4 से 15 सेकंड के बीच छोटी सिनेमैटिक क्लिप बनाने की सुविधा देता है।

सीडेंस 2.0 से बने एक्टर्स के क्लिप या फिर जानी-मानी फ्रेंचाइजी की नकल से कॉपीराइट की चिंता भी बढ़ रही है, जिससे हॉलीवुड भी परेशान है। हाल ही में, हॉलीवुड स्टार्स टॉम क्रूज और ब्रैड पिट के फाइटिंग सीन का वीडियो वायरल हुआ तो हॉलीवुड टेंशन में आ गया। साग-आफ्तरा ने कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर अपनी चिंता जताई है।

### टॉलीवुड

## 'कारा' को मिली रिलीज डेट, अप्रैल में सिनेमाघरों में देने जा रही दस्तक



बॉलीवुड फिल्म 'तेरे इश्क में' से तारीफें बटोर चुके धनुष अब नई फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। मेकर्स ने अभिनेता की अपकमिंग फिल्म 'कारा' की रिलीज का एलान कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन विग्नेश राजा ने किया है। फिल्म अगले महीने रिलीज होने वाली है।

'कारा' के मेकर्स ने एलान किया है कि एक्शन एंटरटेनर फिल्म 30 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज का एलान इशारी के गणेश ने किया। फिल्म उनके प्रोडक्शन हाउस, वेल्स फिल्म इंटरनेशनल के बैनर तले बनी है।

वेल्स यूनिवर्सिटी के दो दिन के कल्चरल फेस्टिवल में प्रोड्यूसर इशारी के गणेश ने कहा, 'अगर मुझे किसी चीज को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट कहना हो, तो वह निश्चित रूप से एक्टर धनुष के साथ 'वदा चेन्नई 2' होगी। साथ ही धनुष की आने वाली फिल्म 'कारा' 30 अप्रैल को थिएटर में रिलीज होने वाली है।' गणेश यूनिवर्सिटी के फाउंडर और चांसलर भी हैं।

फिल्म के मेकर्स ने इस साल पोंगल पर फिल्म का टाइटल शेयर किया था। मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्टर भी रिलीज किया था। इसमें धनुष इंटेंस लुक में दिख रहे थे। पोस्टर पर लिखा था, 'कभी-कभी, खतरनाक बने रहना ही जिंदा रहने का एकमात्र तरीका होता है।' फिल्म 'कारा' को अब तक #डी54 कहा जा रहा था। इसमें ममिता बैजू हीरोइन हैं। इनके अलावा, फिल्म में डायरेक्टर के एस रविकुमार, जयराम, सूरज वेंजारामूडु, करुणास और पृथ्वी पंडिराज भी अहम रोल में होंगे।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने अक्षय के साथ शेयर की फोटो, कहा- मिलने वाला है सरप्राइज



भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने हलचल बढ़ा दी है। दरअसल, उन्होंने बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के साथ एक फोटो साझा किया है। इसके साथ कहा है कि फैंस को सरप्राइज मिलने वाला है।

भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी फिल्मों और गानों की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं। अक्षरा एक बार फिर चर्चा में हैं और इस बार वजह काफी दिलचस्प है। दरअसल, उन्होंने अक्षय कुमार के साथ एक फोटो साझा किया है। इसके साथ उन्होंने जो कैप्शन लिखा है, उसे देख फैंस भी कयास लगा रहे हैं कि क्या दोनों सितारे साथ आने वाले हैं?अक्षरा सिंह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी और अक्षय कुमार की फोटो साझा की है। वे ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं, अक्षय कुमार ग्रीन शर्ट में हैं और कैप लगा रखी है। अक्षरा ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब खिलाड़ी की मुलाकात मृगनयनी से हो। और, कहानी अभी बाकी है। बड़ा सरप्राइज लोड हो रहा है।' इस पोस्ट में अक्षरा ने अक्षय कुमार को भी टैग किया है।

अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के दिलचस्प कमेंट्स आ रहे हैं। यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ यूजर्स अनुमान लगा रहे हैं कि दोनों शायद किसी फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। वहीं, कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या किसी नए गाने में इनकी जोड़ी देखने को मिलेगी? एक यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी और बॉलीवुड की साझेदारी'। एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'कुछ तो पक रहा है'। वैसे देखना दिलचस्प होगा कि अक्षरा सिंह इस सरप्राइज से कब पर्दा उठाती हैं?

### रंगो की बौछार



लाइफ स्टाइल

2026 रंगों से भर चुका है। चमकीले कंट्रास्ट, बेखौफ कॉम्बिनेशन और मूड बढ़ाने वाले पैलेट खुद को एक्सप्रेस करने के नए दौर को अपनाते हैं। ऐसे में बोल्ड, वाइब्रेंट और बिना किसी झिझक के पॉजिटिव फैशन एक सेलिब्रेशन बन जाता है। यह स्टाइल आपका हौसला बढ़ाने, बातचीत शुरू करने और आप जहां भी जाएं, कॉन्फिडेंस दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## हाथों का रूखापन खत्म करने आजमाएं घरेलू नुस्खे



महिलाओं के हाथ में रूखापन होने के कई सारे कारण हैं। कपड़ें धोने के दौरान डिटर्जेंट पाउडर, बर्तन धोते समय साबुन का इस्तेमाल साथ ही कई सारे और भी कारण हैं जिनकी वजह से हाथों की स्किन रूखी हो जाती है। हाथों की इस ड्राईनेस से निजात पाने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं जो काफी महंगे होते हैं लेकिन अब सस्ते में ही हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता है। हाथों की ड्राईनेस कैसे खत्म हो इस बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बात की जिन्होंने हमें हाथों की ड्राईनेस खत्म करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे बताए हैं जिनका इस्तेमाल से हाथों की ड्राईनेस खत्म हो जाएगी।

### इन नुस्खों का करें इस्तेमाल

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से हमने पूछा कि किन घरेलू नुस्खों के जरिए हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता हैं तब एक्सपर्ट ने हमें कई सारी चीजों के बारे में बताया जिनकी मदद से हाथों की ड्राईनेस खत्म हो सकती है एक्सपर्ट ने बताया कि शहद, बादाम का तेल, गिल्सरिन, वैसलीन का इस्तेमाल हाथों को ड्राईनेस खत्म करने के लिए किया जा सकता है। एक्सपर्ट द्वारा बताई गयी चीजों में कई सारे गुण होते हैं तो त्वचा के लिए काफी फायदेमंद हैं साथ ही ये सभी चीजें हाथों की ड्राईनेस भी खत्म करने के काम आते हैं। इसी के साथ एक्सपर्ट ने बताया कि इन चीजों का इस्तेमाल कैसे करें।

### इस तरह से करें इन चीजों का इस्तेमाल

एक्सपर्ट ने बताया कि शहद के साथ 1 चम्मच गिल्सरिन, 1/2 चम्मच नींबू का रस मिक्स करके ले साथ ही इसमें गुलाब जल भी मिक्स कर लें। इसी के साथ इसमें विटामिन ई कैप्सूल और गिल्सरिन मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं एक्सपर्ट ने ये भी जानकरी दी कि बादाम का तेल के साथ वैसलीन का इस्तेमाल करके हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता है।

## पुरानी टीशर्ट में भी दिखेंगे स्टाइलिश और मिलेगा नया लुक, अपनाएं टिप्स





गर्मियों के मौसम में आरामदायक और सहज लुक के लिए टी-शर्ट बेहतर विकल्प है। लड़कों से लेकर लड़कियां तक टी शर्ट पहनना पसंद करते हैं। लड़कियां तो जींस, पैंट या स्कर्ट के साथ टी शर्ट को कैरी करती हैं। बाजार में टी शर्ट के कई स्टाइल उपलब्ध होते हैं। महिलाएं स्लीवलेस, क्रॉप या प्रिंटेड टी शर्ट्स कैरी कर सकती हैं। आजकल ओवरसाइज टी शर्ट का भी काफी ट्रेंड है। कूल और कंफर्टेबल लुक के लिए लड़कियां ओवरसाइज टीशर्ट खरीदती हैं या फिर अपने पिता व भाई की टी शर्ट को स्टाइलिश तरीके से कैरी करती हैं। अगर आप भी टी शर्ट पहनना पसंद करते हैं तो हो सकता है कि आपके पास टी शर्ट का बड़ा कलेक्शन हो। पहले से ही काफी टी शर्ट होने के कारण आपके वॉर्डरोब में नई टी शर्ट के लिए जगह नहीं है, लेकिन पुरानी टी शर्ट आप पहनना नहीं चाहते हैं। ऐसे में पुरानी टी शर्ट को नए तरीके से कैरी करने के लिए कुछ फैशन टिप्स को अपना सकते हैं।





### ऑफ शोल्डर लुक

अगर आपके पास एक्स्ट्रा ओवरसाइज टी शर्ट हो या लॉन्ग ओवर साइज टी शर्ट हो तो उससे ऑफ शोल्डर लुक रिक्रिएट कर सकते हैं। टी-शर्ट के गले को ऑफ शोल्डर डिजाइन का बना लें। इसके अलावा लॉन्ग टी-शर्ट को कॉर्सेट बेल्ट के साथ स्टाइल कर सकते हैं।

### ड्रेस स्टाइल

ओवरसाइज टी शर्ट को आप शॉर्ट ड्रेस की तरह स्टाइल कर सकते हैं। टी-शर्ट ड्रेस को बेल्ट के साथ स्टाइल कर सकते हैं। बूट्स व बोहो ज्वेलरी के साथ लुक को पूरा करें। ड्रेस स्टाइल टी शर्ट को ब्लेजर के साथ पहन सकते हैं।

### नॉट स्टाइल

आप चाहें तो अपनी टी शर्ट को नॉट स्टाइल में कैरी कर सकती हैं। टी शर्ट में साइट नॉट दे सकती हैं, इससे यूनिक लुक मिलेगा।

## साड़ी से लेकर शरारा तक के साथ खूब जचेंगे पैनल वाले ब्लाउज के डिजाइंस



स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको बॉडी शेप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से ही ब्लाउज का डिजाइन चुनना चाहिए। शरारा से लेकर साड़ी तक के साथ ब्लाउज के कई डिजाइंस रेडीमेड तथा फैब्रिक लेकर बनवाने के लिए आसानी से मिल जाएंगे। बदलते दौर में आजकल हम सभी स्टाइलिश और मॉडर्न ही दिखना पसंद करते हैं।

मॉडर्न लुक की बात करें तो आजकल पैनल वाले ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पैनल स्टाइल ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-

### स्लीव्स को डिजाइनर लुक

आजकल स्टाइलिश लुक पाने के लिए स्लीव्स में भी आपको कई तरीके के डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। वहीं इस बीच आजकल हैंगिंग स्लीव्स को काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह की स्लीव्स को बनवाने के लिए आप वर्क वाले फैब्रिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं हैवी लुक के लिए स्लीव्स में टैसल्स लगवा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स व पर्ल्स में काफी डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह के लुक को आप स्ट्रैट शरारा के साथ कैरी कर सकती हैं।

### ब्लाउज को कैसे करें स्टाइल?

अगर आप एक ही ब्लाउज को अलग-अलग तरीके से स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरीके के पैनल वाले ब्लाउज को पहन सकती हैं। पैनल के लिए आप इस तरह से स्लीवलेस ब्लाउज के साथ में कढ़ाई वर्क वाली जैकेट को पहन सकती हैं। इस तरह की जैकेट के साथ गर्दन पर डोरी लगवा सकते हैं।

## वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकती हैं डिजाइनर चूड़ी

वेस्टर्न ऑउटफिट के साथ किस तरह की चूड़ी पहनें इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप आर्टिकल से आईडिया ले सकती हैं। वेस्टर्न आउटफिट पहनने के दौरान लड़कियां इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड रहती हैं इस ऑउटफिट के हाथ में क्या पहने। जहां कई लड़कियां वेस्टर्न आउटफिट के साथ हाथ में घड़ी पहन लेती हैं तो वहीं कुछ लड़कियां अपने दोस्तों से राय मांगती है कि वो वेस्टर्न आउटफिट कैरी कर रही हैं लेकीन इस ऑउटफिट के साथ हाथ में क्या पहने जिससे उनका लुक बेहतरीन नजर आए। वहीं अगर आप भी इस तरह की समस्या में फंसी हुई तो इस आर्टिकल में हम आपको कुछ चूड़ी के डिजाइन के बारे बताने जा रहे हैं जिन्हें आप वेस्टर्न आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।



### गोल्डन बैंगल्स

जहां गोल्डन बैंगल्स कई तरह के आउटफिट के साथ पहन सकते हैं। तो वहीं वेस्टर्न आउटफिट के साथ भी आप इस तरह के गोल्डन बैंगल्स पहनें जा सकते हैं। मार्किट में कई तरह की गोल्डन बैंगल्स के डिजाइन आपको मिल जाएंगे जिन्हें आप वेस्टर्न आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। मार्किट में आप अपने आउटफिट के हिसाब से गोल्डन बैंगल्स ले सकती हैं। ये गोल्डन बैंगल्स आपको बाजार में कई सारे आप्शन के साथ काफी कम दाम में मिल जायेंगे। आप ये बैंगल्स ऑनलाइन या ऑफलाइन मार्केट में खरीद सकती हैं। ये बैंगल्स जहां देखने में बेहद स्टाइलिश हैं तो वहीं वेस्टर्न आउटफिट के साथ आपके लुक में चार चांद लगा देंगे।

### अफगानी बैंगल्स

अफगानी बैंगल्स भी वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकते हैं। ये बैंगल्स काफी ट्रेंड में हैं। इस तरह की बैंगल्स जहां देखने में बहुत ही खूबसूरत लगते हैं तो वहीं वेस्टर्न आउटफिट के साथ भी इस तरह की बैंगल्स अट्रैक्टिव लुक देंगे।

कार्नर न्यूज

### एसेसरीज पहनने का भी होता है एक तरीका, पाइए इन टिप्स से परफेक्ट लुक

## त्यौहारों और शादियों के दौर में मेंस फैशन में एसेसरीज की भरमार, मौके पर पहनें और बिखेर दें अपना जलवा

पुरुषों के लिए ढेरों फैशनेबल एसेसरीज अब मार्केट में हैं। पुरुष भी कपड़ों के साथ एसेसरीज के कलेक्शन से अपने लुक को संवारने की पूरी कोशिश करते हैं। जब ऐसा है तो यह जरूरी है कि एसेसरीज पहनने और इससे जुड़े टिप्स जान लिए जाएं, ताकि आप खुद का बेस्ट लुक देख पाएं।

आप इस तरह खुद को आत्मविश्वास से लबरेज पाएंगे और अपने लुक को लेकर भी 'नो टेंशन' फील करेंगे। इसलिए आपके पास जितनी भी एसेसरीज हैं, उनको अब इन टिप्स के साथ पहनना आपके काम आने वाला है।

एसेसरीज के बेस्ट लुक के लिए कौन से टिप्स हैं जरूरी, जानने से पहले इंटरनेट पर एसेसरीज पहनने से जुड़ी कई सर्च की जाती हैं, पहले इनको जान लीजिए।

### कम में ज्यादा का मजा

एसेसरीज आपके कपड़ों का लुक बेहतर करने का एक साधन है। लेकिन अच्छे लुक के लिए एसेसरीज ज्यादा होना नहीं बल्कि इनका सही चुनाव जरूरी होता है।



दरअसल कई लोग एसेसरीज अच्छी लगते ही इन्हें इतना ज्यादा पहन लेते हैं कि सबकुछ ज्यादा-ज्यादा लगने लगता है। कई पुरुष तो हाथों में अंगूठी ही बहुत सारी पहन लेते हैं। जबकि एसेसरीज के साथ सिंपल और वाला लुक आना चाहिए। इसलिए कम से कम में ज्यादा से ज्यादा अच्छा लुक पाने के लिए एसेसरीज कम पर अच्छी पहनें।

### मौके के हिसाब से एसेसरीज

ज्यादातर बार पुरुष एसेसरीज ऐसी खरीदते हैं जो हर मौके पर चल जाए। लेकिन ये सही नहीं है आपको अलग मौकों के हिसाब से अलग एसेसरीज पहननी होती है। तब ही इसका लुक अच्छा आता है। जैसे फंकी लुक वाली घड़ी फॉर्मल कपड़ों पर बिल्कुल अच्छी नहीं लगती है।

### कपड़ों का रंग, एसेसरीज का रंग

एसेसरीज पहनने के लिए आपको कपड़ों के रंग पर भी ध्यान देना होगा। आपको कपड़ों के रंग के हिसाब से एसेसरीज का रंग भी चुनना होगा। इसके लिए जरूरी है कि आप कलर स्कीम को समझ लीजिए। जैसे आप गोल्ड एसेसरीज को जींस के साथ नहीं पहन सकते हैं। या फॉर्मल सूट के साथ चमकते रंग वाला चश्मा बिल्कुल भी नहीं पहना जा सकता है। आपको रंगों को थोड़ा आपस में मैच करना होगा जैसे बेल्ट, टाई और घड़ी की स्ट्रेप का कलर एक जैसा होना चाहिए।

### चंकी ज्वेलरी की मैचिंग

पुरुषों के लिए भी कई तरह की चंकी ज्वेलरी बाजार में मौजूद है। लेकिन इनको पहनने के लिए खास तरह के कपड़ों की जरूरत होती है। और ये हर ड्रेस के साथ मैच बिल्कुल नहीं होते हैं। फॉर्मल कपड़ों के साथ तो बिल्कुल भी नहीं।

### सिल्वर ज्वेलरी ट्रेंड

सिल्वर ज्वेलरी का ट्रेंड पुरुषों के मामले में अक्सर सही रहता है। पुरुष इनको पसंद भी खूब करते हैं। सिल्वर रंग किसी तरह की कलर स्कीम का हिस्सा नहीं है लेकिन ये बात भी सही है कि किसी भी कलर के साथ ऑड (odd) भी नहीं लगता है। सिल्वर ज्वेलरी को काले और डार्क ग्रे कलर के साथ पहनकर टाइमलेस लुक पाया जा सकता है। गर्मी में आप हल्के रंगों के साथ भी इसे आसानी से पहन सकते हैं।

